दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
● नई दिल्ली। शुक्रवार 20 मार्च -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 86 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## दिल्ली हाईकोर्ट के सख्त निर्देश : ईद पर शांति व्यवस्था हो सख्त, शरारती तत्वों पर पुलिस रखे नजर

**दिल्ली हाईकोर्ट ने उत्तम नगर विवाद मामले में पुलिस और प्रशासन को निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने ईद के शांतिपूर्ण और गरिमापूर्ण आयोजन के लिए अनुकूल माहौल सुनिश्चित करने को कहा है। हाईकोर्ट ने अधिकारियों से कहा कि पुलिस का बंदोबस्त ऐसा हो जिससे सभी में सुरक्षा और भरोसे की भावना पैदा हो।**




**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने उत्तम नगर विवाद मामले में पुलिस और प्रशासन को निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने ईद के शांतिपूर्ण और गरिमापूर्ण आयोजन के लिए अनुकूल माहौल सुनिश्चित करने को कहा है। हाईकोर्ट ने अधिकारियों से कहा कि पुलिस का बंदोबस्त ऐसा हो जिससे सभी में सुरक्षा और भरोसे की भावना पैदा हो।

उत्तम नगर क्षेत्र में कोई शरारत न करे, इसके लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया गया। किसी भी अप्रिय या बिगड़ती स्थिति को रोकने के लिए भी हाईकोर्ट ने आदेश दिए। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया कि उत्तम नगर में पुलिस व्यवस्था राम नवमी तक जारी रहेगी।

यह कदम क्षेत्र में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाया गया है। प्रशासन को सतर्क रहने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कहा गया है।

**ईद से लेकर रामनवमी तक हो सुरक्षा का सख्त इंतजाम :** दिल्ली हाई कोर्ट ने उत्तम नगर में जारी तनाव को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किया है। हाई कोर्ट ने कहा कि उत्तम नगर और आसपास के इलाकों में पुलिस की सुरक्षा का इंतजाम ऐसा होना चाहिए, जिससे सभी लोगों में सुरक्षा और भरोसे की भावना पैदा हो। कोर्ट ने कहा है कि सुरक्षा व्यवस्था का ईद ही नहीं, बल्कि रामनवमी तक इंतजाम किया जाना चाहिए। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि इस मौके पर कोई भी शरारत ना कर सके, इसके लिए पुलिस को पुख्ता इंतजाम करना चाहिए।

**विपक्षी सांसदों ने लिखा अमित शाह को पत्र :** उत्तम नगर मामले पर कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और विपक्ष के कई सांसदों ने गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखा था। इस पत्र में सांसदों ने उत्तम नगर के मुसलमानों को लेकर लगातार दी जा रही धमकियों पर चिंता जताई।

सांसदों ने गृह मंत्री से पत्र लिखकर अपील करते हुए कहा कि उत्तम नगर में नफरत फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## कुशलक्षेम





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा शिक्षाविद डॉ राम अवतार जिंदल गुरूवार को कलकी पीठ के आचार्य प्रमोद कृष्णम का कुशलक्षेम जानने के लिए यशोदा मेडिसिटी पहुंचे। गौरतलब है कि आचार्य प्रमोद कृष्णम को घर में ही चोट लग गई थी। उनका उपचार चल रहा है। डॉ रामअवतार जिंदल ने आचार्य प्रमोद कृष्णम से मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना।

# पाकिस्तानी सिम कार्ड और चिप का हुआ इस्तेमाल

## जल्द एनआईए को सौंपी जा सकती है कौशांबी मामले की जांच

### - पुलिस ने तीन दिनों तक पीसीआर में की है आरोपियों से कड़ी पूछताछ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कौशांबी पुलिस द्वारा दिल्ली और हरियाणा के दो बेहद संवेदनशील इलाकों की रेकी के मामले में गिरफ्तार किए गए 6 आरोपियों से पुलिस ने पीसीआर के दौरान गहन जांच पड़ताल और सबूत इकट्ठा करने का काम किया हैं। पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर जो सीसीटीवी लगाए गए थे, उसमें पाकिस्तानी चिप का इस्तेमाल किया गया था। वहीं आरोपियों के पास जो सिम कार्ड मिल थे, वह भी पाकिस्तान से संचालित किया जा रहे थे। इस पूरे मामले में अब तक उत्तर प्रदेश की कई जांच एजेंसी और केंद्र की जांच एजेंसी महत्वपूर्ण सबूत जुटाने का काम कर चुकी हैं। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों से मिली महत्वपूर्ण जानकारी के अनुसार जल्द ही इस पूरे मामले में एनआईए की टीम इंट्री लेकर इस पूरी जांच को खुद करेंगी। बता दें कि कौशांबी पुलिस द्वारा देश विरोधी गतिविधियों और सुरक्षा के लिए यहां से बेहद महत्वपूर्ण मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

### एक के बाद एक खुल रहे हैं राज

करंट क्राइम : पुलिस ने जिस तरीके से खुलासा किया है, तो इससे पहले मसूरी में भी इसी तरीके का मामला सामने आया था। वहीं इस पूरे मामले के बाद अब हापुड़ जिले के धौलाना से दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जो देश विरोधी गतिविधियों में शामिल बताए जा रहे हैं। अबकहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में इस तरीके के खुला से हो सकते हैं। बताया जा रहा हैं उनके पास बड़ी संख्या में लोगों का डाटा भी मौजूद था।

### आरोपियों से कई गैंग के नाम आए बाहर

करंट क्राइम : ट्रांस हिंडन जोन कौशांबी पुलिस ने आरोपियों को तीन दिन तक पीसीआर पर रखा। जिसमें महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई गई है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान के कई प्रतिबंधित संगठनों के साथ ही मिडिल ईस्ट और कश्मीर में टेररिस्ट अटैक करने वाले संगठनों का भी कुछ डाटा अब तक की जांच में मिला है, जिस पर पुलिस आने वाले दिनों में आगे की कार्रवाई करेगी।

### लगातार उच्च अधिकारी कर रहे हैं जांच-पड़ताल

करंट क्राइम : विदेशी गतविधियों के मामले में गिरफ्तार आरोपियों से कौशांबी पुलिस द्वारा लगातार पूछताछ की जा रही है। इन आरोपियों से ना सिर्फ पुलिस के उच्च अधिकारी लगातार जांच पड़ताल और उनके बयान सामने आने के बाद पूछताछ कर रहे हैं बल्कि इस पूरे मामले में वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई जा रही है। बताया जा रहा है कि इस मामले में पुलिस बेहद आधुनिक ढंग से विधि वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य संकलन कर रही है ताकि इस मामले में आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की जा सके।

### डीजीपी और कई संगठन कर चुके हैं पुलिस कमिश्नर की तारीफ

करंट क्राइस : जिस तरीके से गाजियाबाद में एक के बाद एक विदेशी और देश विरोधी गतिविधियों के मामलों का खुलासा हो रहा है, उसको लेकर सूत्र बता रहे हैं कि उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रमुख इन दोनों गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के कमिश्नर जे रविंदर गौड और यहां के अधिकारियों की वर्किंग से खुश हैं। लगातार संपर्क कर बेहतर काम करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। तो वहीं इससे पूर्व लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर और हिंदू रक्षा दल के प्रमुख पिंकी चौधरी पुलिस कमिश्नर और गाजियाबाद पुलिस की इस वर्किंग की सराहना भी कर चुके हैं।

## जिला पंचायत चुनाव के सितम्बर में होने के आसार कोर्ट ने दिया दखल और इधर मतदाता सूची बनकर है तैयार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला पंचायत चुनाव को लेकर एक बार फिर से चुनावी सरगरमी शुरू हो गई है। पहले जिला पंचायत चुनाव को लेकर सरगरमी चल रही थी लेकिन अचानक सरकार के आदेश के बाद दावेदारों ने भी अपने चुनावी अस्त्र शस्त्र समेट लिये थे और बैक टू काम धंधा हो गये थे। लेकिन अब फिर से देहात में जिला पंचायत चुनाव की रौनक बढ़ने वाली है। सूत्र बताते हैं कि जिला पंचायत चुनाव को लेकर अब कोर्ट के दखल के बाद इस चुनाव की सरगरमी बढ़ गई है। जिला पंचायत चुनाव को लेकर सरकारी की तरफ से पंचायती राज्य




मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने भी स्थिति स्पष्ट कर दी है और कहा है कि जुलाई तक पंचायत चुनाव कराये जायेंगे। वहीं सूत्र बताते हैं कि कोर्ट के दखल के बाद अब सरकारी मशीनरी भी एक्टिव हो गई है। सब चुनावी मोड पर आ गये हैं। चुनाव अब टलेंगे नहीं और माना जा रहा है कि अगस्त और सितम्बर के महीने तक जिला पंचायत चुनाव हो जायेंगे। पहले ये चुनाव टलने की पूरी संभावना बन गई थी। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा और सूत्र ये भी बता रहे हैं कि चुनाव जुलाई माह में नहीं हो पायेंगे। इसकी वजह चुनावी तैयारियों को लेकर जुड़े पेंच है। लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि अगस्त और सितम्बर के महीने में पंचायत चुनाव होना तय है। जिला पंचायत चुनाव से जुड़ी वोटर लिस्ट का काम भी मार्च के महीने में पूरा हो जायेगा। जिला पंचायत चुनाव के आगाज की दस्तक मात्र से ही देहात क्षेत्रों में फिर से चुनावी सरगरमी शुरू हो गई है। दावेदार फिर से एक्टिव हो गये हैं।

## 29 मार्च को समाजवादी करेगी दादरी के मिहिरभोज कॉलेज से चुनावी शंखनाद

### संचालन समिति में शामिल किए गए गाजियाबाद के पांच गुर्जर समाजवादी चेहरे





गाजियाबाद, करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी चुनावी तेवरों के साथ मैदान में है। वो अब पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर फोकस कर रही है। 29 मार्च को समाजवादी पार्टी दादरी के मिहिरभोज कॉलेज से चुनावी शंखनाद करेगी। इस सभा को संबोधित करने के लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आ रहे हैं। दादरी में आयोजित होने वाली इस रैली में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 32 जिलो से लोग जुटेंगे। इस रैली को पीडीए का शंखनाद माना जा रहा है। ये भी माना जा रहा है कि समाजवादी पार्टी दादरी से अपनी चुनावी पारी की शुरूआत करेगी। ये उसके विधानसभा चुनाव की तैयारी का आगाज होगा। सूत्र बताते हैं कि इससे रैली को भाईचारा समानता रैली का नाम दिया गया है। भाईचारा रैली के जरिए समाजवादी पार्टी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चुनावी शंखनाद फूंकेगी। समाजवादी पार्टी दादरी से भाईचारा रैली के जरिए संदेश देगी। इसके लिए टीमें गठित की गई हैं। 32 जिलों से लोग बुलाये गये हैं। बड़ी बात ये है कि यहां संचालन समिति में गाजियाबाद के पांच गुर्जर चेहरों को भी स्थान मिला है। गाजियाबाद के




समाजवादी नेताओं में बाबू सिंह आर्या, कालू राम धामा, ललित बंसल, प्रवेश बैसोया और सौदान गुर्जर को संचालन समिति में स्थान मिला है।

### मिहिरभोज की धरती से सपा टटोलेगी सियासत की गुर्जर नब्ज

करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी भाईचारा समानता रैली आयोजित कर रही है। ये बड़ी रैली है और इसमें 32 जिलों से लोग आयेंगे। खुद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव इसे संबोधित करेंगे। सूत्र बताते हैं कि समाजवादी पार्टी दादरी में मिहिरभोज की धरती से सियासत की गुर्जर नब्ज चैक करेगी। यहां सभी गुर्जर चेहरों को जिम्मेदारी दी गई है। 29 मार्च को ये रैली होनी है और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गुर्जर चेहरों को इस रैली की कमान सौंपी गई है। सूत्र बताते हैं कि यहां गुर्जर बैल्ट में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव इस रैली से आने वाले समय को लेकर एक सियासी प्लान तैयार करेंगे। इसी लिए उनका पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर ज्यादा फोकस है।

### गुर्जर चौपाल पर लगा प्रतिबंध तो जवाब में भाईचारा रैली



करंट क्राइम। सूत्र बताते हैं कि भाईचारा रैली उस प्रतिबंध का जवाब है जो गुर्जर चौपाल पर लगाया गया था। बताया जाता है कि समाजवादी पार्टी के एक प्रवक्ता राजकुमार भाटी इसी क्षेत्र में गुर्जर चौपाल का आयोजन कर रहे थे। राजकुमार भाटी इसी क्षेत्र के रहने वाले हैं और वो गुर्जर हैं। लेकिन इससे पहले कि यह आयोजन होता उससे पहले इस आयोजन पर प्रतिबंध लगा दिया गया। इसके बाद अब समानता रैली है ये बड़ी सभा है और भाईचारा रैली के आयोजक भी समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी है।

## तकनीक आधारित पुलिसिंग में यूपी पुलिस को राष्ट्रीय सम्मान

### सीपी गाजियाबाद ने दिल्ली में किया रिसीव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश पुलिस को तकनीक आधारित नवाचारों के लिए देश के प्रतिष्ठित द इकोनॉमिक टाइम्स गोवटेक आवर्ड 2026 में दोहरी सफलता मिली है। पुलिस के यूपी पुलिस फैक्ट चेक और मेटा आत्महत्या अलर्ट को अलग-अलग श्रेणियों में सम्मानित किया गया। फैक्ट चेक पहल को कानून व्यवस्था में उत्कृष्ट तकनीकी पुलिसिंग के लिए सम्मान मिला।

वर्ष 2017 में शुरू यह व्यवस्था सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों और भ्रामक खबरों पर प्रभावी नियंत्रण कर रही है। वहीं मेटा आत्महत्या अलर्ट को नागरिक सहभागिता और शिकायत निवारण के क्षेत्र में सम्मान मिला। इस प्रणाली के माध्यम से सोशल मीडिया पर संदिग्ध संकेतों की पहचान कर अब तक 2000 से अधिक लोगों की जान बचाई जा चुकी है। इस उपलब्धि के पीछे पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण का नेतृत्व और आधुनिक तकनीकों का प्रभावी उपयोग रहा है। साथ ही यूपी सीएम के मार्गदर्शन में प्रदेश में जनहितकारी और तकनीक आधारित पुलिस व्यवस्था को बढ़ावा मिल रहा है। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर जे रंविदर गौड ने यह सम्मान ग्रहण किया। यह उपलब्धि दशार्ती है कि उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीक के माध्यम से कानून व्यवस्था के साथ-साथ मानव जीवन की रक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## सात आयोजन स्थल अग्नि सुरक्षा नियमों से खिलवाड़ करते पकड़े

### प्रशासन करेगा न्यायालय का रुख, दाखिल होगा वाद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली के पालम इलाके में हुए भीषण अग्निकांड के बाद गाजियाबाद पुलिस-प्रशासन सतर्क हो गया है। इसी क्रम में अग्निशमन विभाग की जांच में शहर के सात बड़े सार्वजनिक भवन और आयोजन स्थल अग्नि सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करते पाए गए हैं। इन स्थलों पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, उत्तर प्रदेश अग्नि निवारण एवं अग्नि सुरक्षा अधिनियम के तहत किए गए निरीक्षण में इन भवनों में गंभीर खामियां मिलीं। कई जगहों पर आग से बचाव के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे और नियमों की अनदेखी की जा रही थी।

### इन स्थलों पर मिले नियमों के उल्लंघन



करंट क्राइम : मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया है कि निरीक्षण में जिन प्रमुख स्थानों पर खामियां पाई गईं, उनमें शामिल हैं, ग्रैंड पेटल बैंक्विट हॉल, पटेल नगर, वोल्गा पैलेस एवं भज गोविंदम वेंकट हॉल, बसंत रोड ट्रिनिटी बैंक्विट हॉल कवि नगर, प्रीतम फार्म हाउस-वेलवेट बैंक्विट, गोविंदपुरम, केडीपी ग्रैंड सवाना ग्रुप हाउसिंग राजनगर एक्सटेंशन, सेवियर ग्रीन ग्रुप हाउसिंग क्रॉसिंग रिपब्लिक और रिवर हाइट्स ग्रुप हाउसिंग राजनगर एक्सटेंशन के खिलाफ न्यायालय में वाद दायर किया जाएगा। विभागीय सूत्रों के मुताबिक, इन सभी भवनों के विरुद्ध अब माननीय न्यायालय में वाद दाखिल किया जाएगा। प्रशासन का मानना है कि बार-बार चेतावनी के बावजूद नियमों का पालन नहीं किया गया, जिसके चलते सख्त कार्रवाई जरूरी हो गई है।

### कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

करंट क्राइम : अग्निशमन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इन स्थलों पर आग से बचाव के पर्याप्त संसाधन नहीं पाए गए। ऐसे में यहां किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता था। इसी खतरे को देखते हुए अब कानूनी कार्रवाई का निर्णय लिया गया है। प्रशासन ने शहर के अन्य भवन स्वामियों और आयोजकों से भी अपील की है कि वे अग्नि सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।



# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा: भविष्य के युद्धों में ड्रोन अहम




**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली में आयोजित 'राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन' में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने 'डिफेंस इंडिया स्टार्ट-अप चैलेंज' (जीआईएससी) के 14वें संस्करण की शुरूआत की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, ' आज 100 से अधिक चुनौतियों के साथ 'डिफेंस इंडिया स्टार्ट-अप चैलेंज' (डीआईएससी) का 14वां संस्करण भी शुरू किया गया है। डीआईएससी की अब तक की सफलता को देखते हुए, हमारे रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा पहली बार 100 से अधिक चुनौतियां प्रस्तुत की जा रही हैं। मैं डीआईएससी के नए संस्करण के लिए सभी नवप्रवर्तकों को शुभकामनाएं देता हूं।'

रक्षा मंत्री ने कहा कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य छोटे उद्योगों (टरटए२) को रक्षा निर्माण की सप्लाई चेन से जोड़ना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब छोटे उद्योग बड़े रक्षा कार्यक्रमों का हिस्सा बनेंगे, तभी देश में नई खोज और तकनीक की रफ्तार तेज होगी। किसी भी देश के रक्षा तंत्र को मजबूत बनाने में बड़े उद्योगों के साथ-साथ, स्टार्टअप और इनोवेटर्स की भूमिका बहुत अहम होती है। इसमें सरकार की स्पष्ट नीतियां भी बड़ा योगदान देती हैं।

उन्होंने कहा दुनिया के मौजूदा हालातों पर बात करते हुए राजनाथ सिंह ने रूस-यूक्रेन और ईरान-इस्राइल के बीच चल रहे युद्ध का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया इन संघर्षों को देख रही है। इनसे यह साफ हो गया है कि भविष्य की लड़ाइयों में ड्रोन और एंटी-ड्रोन तकनीक की भूमिका सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होने वाली है। इसलिए भारत को ड्रोन निर्माण के क्षेत्र में एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार करना होगा, जिसमें हम पूरी तरह आत्मनिर्भर हों।

उन्होंने स्पष्ट किया कि आत्मनिर्भरता सिर्फ अंतिम उत्पाद तक सीमित नहीं होनी चाहिए।

हमें ड्रोन के हर पुर्जे को भारत में ही बनाना होगा। ड्रोन का ढांचा (मोल्ड), सॉफ्टवेयर, इंजन और बैटरी सब कुछ स्वदेशी होना चाहिए। रक्षा मंत्री ने स्वीकार किया कि यह काम आसान नहीं है।

## सूरत की एक बिल्डिंग में आग लगने से दो की मौत

**सूरत।** गुजरात के सूरत शहर में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। कपोदरा इलाके के भरतनगर में स्थित एक इमारत में भीषण आग लग गई। इस इमारत में एम्ब्रॉयडरी (कढ़ाई) का काम होता था। आग लगने के बाद वहां रखे गैस सिलेंडरों में धमाके हुए। इस हादसे में दो लोगों की जान चली गई और नौ लोग झुलस गए। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 5:30 बजे रचना सर्कल के पास हुई। इमारत की तीसरी मंजिल पर आग लगी थी। वहां कुल आठ गैस सिलेंडर रखे थे, जिनमें से दो में जोरदार धमाका हुआ। धमाके की वजह से आग और तेजी से फैल गई। सूचना मिलते ही चार दमकल केंद्रों से गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने तीसरी मंजिल की छत पर लगी चादर को तोड़कर अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला। इसमें से कुल 11 लोगों को बाहर निकाला गया। इनमें से दो की मौत हो चुकी थी, जबकि नौ घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा गया।

## नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में लगी भक्तों की कतार, बरेली मंडल में छाया भक्ति का उल्लास



**नई दिल्ली।** चैत्र नवरात्र का शुभारंभ हो गया है। बरेली में नवरात्र के पहले देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर के साहूकारा स्थित नवदुर्गा मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतार लग गई। भक्तों ने अपनी बारी आने पर मंदिर में मातारानी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इसी तरह चौरासी घंटा मंदिर में भक्तों की भीड़ रही। सुरक्षा के लिहाज से मंदिरों के बाहर पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। भक्तों ने घरों में घट स्थापना के साथ पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की।

पंडित डॉ. सौरभ शंखधार ने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव संवत्सर का पहला दिन है। इस दिन वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और भक्तजन नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की उपासना करते हैं। उन्होंने बताया कि नवरात्र में शक्ति साधना के अंतर्गत दुर्गा सप्तशती पाठ, नौ दिनों का उपवास, मौन व्रत, ब्रह्मचर्य पालन और मंत्र का जाप किया जाता है। साधना में कलश स्थापना, देवी को भोग और रात के समय ध्यान-जाप विशेष फलदायी माने जाते हैं। कई साधक इस दौरान गायत्री के 24 हजार मंत्रों की साधना करते हैं।

पीलीभीत में नवरात्र के पहले दिन शहर, कस्बों और गांवों के माता मंदिरों में भक्तों की कतार लगी। विधि विधान से पूजा अर्चना कर कल्याण की कामना की।

इस दौरान मंदिर परिसर में जय माता दी और माता के जयकारे गूंजते रहे। शहर के प्राचीन माता यशवंतरी देवी मंदिर में सुबह छह बजे से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने विधि विधान से माता की आराधना की। फल, फूल और चुनरी चढ़ाई। निरंजन कुंज कॉलोनी के माता मंदिर, टनकपुर हाईवे के संतोषी माता मंदिर आदि पर भी श्रद्धालुओं की कतार लगी।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बोलीं- श्रीराम को नमन करना और भारत मां का वंदन हमारे लिए एक जैसा



**अयोध्या।** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी देशवासियों को नवरात्र की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज अयोध्या में होना मेरे जीवन का कृतार्थ करने वाला पल है। मैं यहां पर आकर गौरवांवित हूं। राम मंदिर हमें हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद हमें यह सौभाग्य का पल मिला है। राम मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा, मंदिर का ध्वजारोहण हमारे इतिहास की स्वर्णिम तिथियां हैं। मुझे श्रीराम यंत्र की स्थापना का अवसर मिला है। यह प्रभु श्रीराम की मेरे ऊपर कृपा का प्रतीक है। ऐसा मेरा मानना है।

उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम को नमन करना और भारत मां का वंदन करना एक जैसा है। आज के इस अवसर पर हम संकल्प लें कि भारत मां के सम्मान और वैभव को शिखर पर ले जाएंगे। राममंदिर के द्वितीय तल पर श्रीराम यंत्र की स्थापना के बाद आयोजित कार्यक्रम में हजारों रामभक्तों को संबोधित करते हुए श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरी महाराज ने कहा कि इसके साथ ही 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद प्रभु श्रीराम के मंदिर का निर्माण परिपूर्ण हो गया है। कार्यक्रम में राम मंदिर निर्माण में योगदान देने वाले लोगों को आमंत्रित किया गया है। इनमें वो लोग भी शामिल रहे जो 1984 से ही राम मंदिर आंदोलन से जुड़े हुए थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम यंत्र की स्थापना के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत किया।

इस अवसर पर उन्होंने सभी रामभक्तों को नवरात्र की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज श्रीराम यंत्र की स्थापना के साथ ही प्रभु श्रीराम का मंदिर परिपूर्ण हो गया। राम मंदिर का निर्माण 500 वर्षों के संघर्ष का परिणाम है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी को चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम का मंदिर अब एक राष्ट्र मंदिर बन चुका है।

## नौसेना का आईओएस सागर मिशन शुरू

**कोच्चि।** हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के बीच समुद्री सुरक्षा व सहयोग मजबूत बनाने के लिए नौसेना ने इंडियन ओशन शिप (आईओएस) सागर पहल के दूसरे संस्करण की शुरूआत कर दी है।

इस पहल में हिंद महासागर क्षेत्र के 16 सदस्य देश भाग लेंगे। आईओएस सागर पहल कार्यक्रम की शुरूआत कोच्चि स्थित नौसैनिक प्रशिक्षण संस्थानों में पेशेवर प्रशिक्षण सत्रों से की गई।

यहां प्रतिभागी नौसैनिक संचालन, समुद्री कौशल और समुद्री सुरक्षा से जुड़े प्रमुख पहलुओं से अवगत कराए जाएंगे।

यह पहल भारत की- क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा व विकास- नीति के अनुरूप है। इसका उद्देश्य क्षेत्रीय देशों के बीच भरोसा, तालमेल और व्यावहारिक सहयोग मजबूत करना है।

## सामाजिक बहिष्कार-उत्पीड़न से तंग आकर महिला ने भीमा नदी में कूदकर दी जान



**बंगलूरू।** कर्नाटक के यादगीर जिले में एक 46 साल की एक महिला ने कथित तौर पर अपने ही समाज के लोगों के बहिष्कार और लगातार मिल रही प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

मृतक महिला की पहचान कमलम्मा के रूप में हुई है, जो यादगीर के गिरिनगर इलाके की रहने वाली थी। महिला के पति यल्लप्पा सूर्यवंशी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। यल्लप्पा ने बताया कि उनके बेटे पर लगे एक बिना साबित हुए आरोप की वजह से समाज के कुछ लोगों ने उनके परिवार का बहिष्कार कर दिया था।

शिकायत के मुताबिक, आठ सितंबर 2025 को एक पंचायत बुलाई गई थी। इस पंचायत ने परिवार पर 10 साल का सामाजिक बहिष्कार लगा दिया और उन्हें गांव छोड़ने का हुक्म दिया। इस कड़े फैसले के बाद परिवार यादगीर शहर में एक किराए के मकान में रहने लगा था।

हालांकि, इस महीने की शुरूआत में, जब महिला अपने पैतृक इलाके में वापस लौटी, तो कुछ लोगों के एक समूह ने कथित तौर पर उसे रोका और उन्होंने बहिष्कार की बात दोहराई और उसे वहां रहने से मना कर दिया। यल्लप्पा का आरोप है कि जिन रिश्तेदारों ने कमलम्मा को सहारा देने की कोशिश की, उन्हें भी समाज से बाहर निकालने की धमकी दी गई।

इस मानसिक दबाव और अपमान को कमलम्मा सहन नहीं कर पाई। उसने 14 मार्च की शाम और 15 मार्च की सुबह के बीच जोलाददगी गांव के पास भीमा नदी में कूदकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने 15 मार्च को नदी से महिला का शव बरामद किया और उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा।

## हैदराबाद में चचेरी बहन की हत्या

**हैदराबाद।** हैदराबाद पुलिस ने बुधवार को बताया कि एक व्यक्ति ने संपत्ति के विवाद के चलते अपनी चचेरी बहन की हत्या कर दी और उसके शव के टुकड़े झील में फेंक दिए। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, 32 वर्षीय आरोपी ने पिछले महीने 40 वर्षीय महिला को संपत्ति विवाद के कारण लाठी से मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने शव को पहले अपने घर के बाथरूम में रखा।

अगले दिन आरोपी ने एक अन्य व्यक्ति की मदद से शव को झील तक ले गया, जहां उसने उसकी टांगों को आरी से काटकर शव के टुकड़े झील में फेंक दिए। पुलिस ने बताया कि आरोपी और मृतक महिला ने मिलकर एक संपत्ति खरीदी थी, लेकिन महिला ने अपनी हिस्सेदारी ट्रांसफर करने की मांग की, जिसे आरोपी स्वीकार नहीं कर सका।

## 'सिर्फ भाजपा ही खून-खराबा चाहती है': उत्तम नगर हिंसा पर बोले राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी पर उत्तम नगर घटना को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा सांप्रदायिक हिंसा भड़काने का प्रयास कर रही है। गांधी ने दिल्ली के निवासियों से किसी भी उकसावे में न आने की अपील की।

लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने उत्तम नगर झड़प को लेकर कहा कि लोगों को इस हिंसा की भारी कीमत चुकानी पड़ी है। राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि एक तरफ तरुण नामक जवान लड़के की जान चली गई। दूसरी तरफ एक पूरा परिवार उत्पीड़न का सामना कर रहा है। उन्हें और खून-खराबा नहीं चाहिए।

राहुल गांधी ने लिखा कि खून-खराबा केवल भाजपा और उसका इकोसिस्टम चाहता है। यह नफरत के तवे पर हिंसा की रोटी सेंकने का हर मौका भुनाता है। उन्होंने इस स्थिति को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

भाजपा पर राहुल गांधी का गंभीर आरोप

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा देश को हिंदू-मुसलमान में उलझाए रखना चाहती है। उनका मानना है कि ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि लोग प्रधानमंत्री से सवाल न पूछ सकें। ये सवाल देश की रक्षा, ऊर्जा सुरक्षा और खाद्य सुरक्षा से संबंधित हैं। साथ ही सामरिक संप्रभुता को अमेरिका के हवाले करने पर भी सवाल न उठें। इसीलिए राजधानी में फिर से दंगों जैसे हालात पैदा किए जा रहे हैं।

## असम में पिता के भाजपा में शमिल होने के बाद बेटे ने अपनी उम्मीदवारी वापस ली

**असम।** कांग्रेस पार्टी को असम एक बड़ा झटका लगा है। दरअसल, मार्गेरिटा विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार प्रतीक बोरदोलोई ने अपने पिता और पार्टी के पूर्व सांसद प्रद्युत बोरदोलोई के भाजपा में शामिल होने के बाद अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे एक पत्र में प्रतीक ने कहा कि उनके पिता के पार्टी से इस्तीफा देने के बाद उनकी उम्मीदवारी जारी रहने से लोगों और पार्टी के बीच उनकी प्रतिबद्धता को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा होगी।

पत्र में लिखा है कि पार्टी के प्रति अत्यंत सम्मान और गहरी जिम्मेदारी की भावना के साथ मैं मार्गेरिटा विधानसभा क्षेत्र से अपनी उम्मीदवारी वापस लेने का निर्णय लेता हूं। मेरे पिता दूसरी राजनीतिक पार्टी में शामिल होने के वजह से वर्तमान परिस्थितियों में मुझे लगता है कि मेरे लिए उम्मीदवार के रूप में बने रहना उचित नहीं होगा।

## दिल्ली में बारिश से बदला मौसम तापमान में गिरावट से आई ठंडक



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में मौसम अचानक से बदल गया है। कल शाम हुई बारिश के बाद गुरुवार सुबह दिल्ली बादलों से घिरी रही। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार और शुक्रवार को बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली की सुबह बादलों से ढकी रही। शहर के कुछ हिस्सों में 12.5 मिलीमीटर तक बारिश दर्ज की गई। यह बारिश गर्मी से राहत लेकर आई और वातावरण को ठंडा कर दिया। मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को काफी सुकून मिला। सुबह का मौसम खुशनुमा बना रहा, जिससे दिन की शुरूआत ताजगी भरी हुई। बारिश के कारण हवा में ठंडक घुल गई। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक ऐसे ही आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना जताई है।

दिल्ली में बीते बुधवार की शाम को पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिला। अचानक काले बादलों के साथ अंधेरा छा गया और कई जगहों पर तेज आंधी के साथ बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। इससे पहले ज्यादातर इलाकों में बुधवार को सुबह से ही तेज चमकदार धूप निकली थी। दिन चढ़ने के साथ ही धूप भी तेज हो गई। लेकिन, बीच-बीच में बादलों की आवाजाही भी लगातार बनी रही।

शाम को अचानक मौसम बदल गया। काले बादल छा गए और तेज धूल भरी हवाएं चलने लगीं। इसके साथ ही ज्यादातर जगहों पर गरज चमक के साथ हल्की बारिश और बूंदाबांदी भी देखी गई।

## शीना बोरा हत्याकांड में सुनवाई के लिए नौ माह का समय बढ़ाया

**मुंबई।** सुप्रीम कोर्ट ने शीना बोरा हत्याकांड में सुनवाई पूरी करने के लिए नौ महीने का अतिरिक्त समय देते हुए यह स्पष्ट किया है कि इसके बाद समय बढ़ाने का कोई और अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ग्रेटर बंबई के नगर दीवानी एवं सत्र न्यायालय में सीबीआई के विशेष जज ने सुनवाई पूरी करने के लिए समय बढ़ाने का अनुरोध करते हुए शीर्ष अदालत को पत्र लिखा था।

जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह ने की पीठ ने कहा, इस अपील पर विचार करते हुए, मुकदमा खत्म करने के लिए नौ महीने का अतिरिक्त समय दिया जाता है।

हालांकि इसके बाद और समय नहीं दिया जाएगा और इस तरह की कोई भी याचिका स्वीकार नहीं की जाएगी। पीठ ने शीना बोरा की मां और इस मामले की मुख्य आरोपी इंद्राणी मुखर्जी को विदेश यात्रा की अनुमति मांगने के लिए नया आवेदन दाखिल करने की छूट भी दे दी। मीडिया कारोबारी

## बंगाल में शुभेंदु अधिकारी ने चुनाव प्रचार शुरू किया

### सीएम ममता ने चुनाव आयोग पर लगाए आरोप




कोलकाता। अप्रैल-मई में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। निर्वाचन आयोग तैयारियों की समीक्षा के बाद मतदान और नतीजों के साथ-साथ चुनाव से जुड़ी तमाम तारीखों का एलान कर चुका है। राजनीतिक दलों ने प्रत्याशियों के नाम का एलान करना भी शुरू कर दिया है। कहीं चुनावी घोषणा पत्र के वादों से जनता को लुभाने के प्रयास किए जा रहे हैं, तो किसी राज्य में क्षेत्रीय अस्मिता को मुद्दा बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कई राजनीतिक दलों के बड़े चेहरे जनसभाओं के माध्यम से जनाधार बढ़ाने की कवायद भी कर रहे हैं।

पश्चिम बंगाल में भाजपा का चुनाव प्रचार जोर पकड़ने लगा है। शुभेंदु अधिकारी ने कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क के दौरान हुंकार भरी। उन्होंने सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेने की बात भी कही। अधिकारी ने गुरुवार को दक्षिण कोलकाता की भवानीपुर सीट पर भाजपा का अभियान शुरू किया।

## दिल्ली-बंगलूरू में खराब मौसम से उड़ानों पर असर

**नई दिल्ली।** देश के दो प्रमुख शहरों दिल्ली और बंगलूरू में गुरुवार को गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। इसका असर हवाई सेवाओं पर भी पड़ सकता है। इंडिगो, एयर इंडिया और स्पाइसजेट ने यात्रियों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी करते हुए सतर्क रहने की अपील की है।

इंडिगो ने यात्रियों को सतर्क करते हुए बताया है कि खराब मौसम के कारण उड़ानों के आगमन और प्रस्थान में हल्की देरी हो सकती है। एयरलाइन ने कहा है कि उनकी टीमें स्थिति से निपटने के लिए पहले से तैयार हैं, लेकिन मौसम की वजह से संचालन की रफ्तार कुछ धीमी हो सकती है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले अपनी फ्लाइट का स्टेटस जरूर जांच लें।

एयर इंडिया ने बताया कि दिल्ली और उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में लगातार बारिश और तेज हवाओं का अनुमान है, जिससे दिल्ली से आने-जाने वाली उड़ानों पर असर पड़ सकता है।

## 'निजी टीस छोड़ें, पार्टी का साथ दें...', विधानसभा चुनाव से पहले के. सुधाकरन को एंटनी की नसीहत



**तिरुवनंतपुरम।** केरल विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस के भीतर घमासान की खबर सामने आई है। हालांकि, अब पार्टी के 'भीष्म पितामह' कहे जाने वाले ए.के. एंटनी ने कमान संभाल ली है। गुरुवार को एंटनी ने कहा कि उन्होंने पार्टी के दिग्गज नेता और कन्नूर के सांसद के. सुधाकरन से बात की है और उन्हें हाईकमान का फैसला हर हाल में मानने की सलाह दी है।

दरअसल, 9 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कन्नूर विधानसभा सीट से के. सुधाकरन अपनी दावेदारी ठोक रहे थे। लेकिन पार्टी के 'एक व्यक्ति, एक पद' वाले संभावित फैसले से सुधाकरन खासे नाराज बताए जा रहे हैं। इसी नाराजगी को भांपते हुए एंटनी ने उन्हें याद दिलाया कि यह समय व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं का नहीं, बल्कि वामपंथी गठबंधन (एलडीएफ) को सत्ता की हैट्रिक बनाने से रोकने का है।

ए.के. एंटनी ने कहा, सुधाकरन ने हमेशा मार्क्सवादियों के खिलाफ अपनी जान की बाजी लगाकर लड़ाई लड़ी है। मैंने उनसे कहा है कि इस वक्त उन्हें चाहे कितनी भी कठिनाई महसूस हो, लेकिन उन्हें पार्टी के फैसले को सिर आंखों पर लेना चाहिए। हमारा एकमात्र लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि एलडीएफ को तीसरा कार्यकाल न मिले।

## उच्च शिक्षा विधेयक पर कांग्रेस ने लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने गुरुवार को प्रस्तावित विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक, 2025 को लेकर गंभीर चिंता जताई और आरोप लगाया कि यह संविधान के संघीय ढांचे का उल्लंघन करता है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इस विधेयक को लेकर सात प्रमुख आपत्तियां गिनाईं। जिनमें राज्यों से परामर्श न करना, संवैधानिक अतिक्रमण, फंडिंग काउंसिल का अभाव, उच्च शिक्षा का बढ़ता नौकरशाहीकरण और यूजीसी की परामर्श प्रक्रिया का कमजोर होना जैसे आरोप शामिल हैं।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इस विधेयक के जरिए उच्च शिक्षा की पूरी संरचना को फिर से गढ़ने की कोशिश की जा रही है। यह विधेयक फिलहाल संसद की संयुक्त समिति के पास विचाराधीन है।

जयराम रमेश ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग की स्थायी समिति की रिपोर्ट में यूजीसी और एआईसीटीई जैसे प्रमुख नियामक संस्थानों में बड़ी संख्या में रिक्तियां सामने आई हैं, जो चिंताजनक है।

## पोंडा उपचुनाव के लिए आप ने चला 'बहुजन कार्ड', मैदान में गितेश नाइक



**पणजी।** गोवा में उपचुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को एक बड़ा दांव खेलते हुए स्थानीय व्यवसायी गितेश नाइक को पोंडा विधानसभा सीट से उम्मीदवार घोषित कर दिया है। खास बात यह है कि गितेश ने महज एक दिन पहले ही पार्टी का दामन थामा था। इस दौरान दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की भी मौजूदगी रही।

गितेश नाइक के पार्टी में शामिल होने के बाद अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट शेयर किया।

उन्होंने लिखा, हम बहुजन समाज के गतिशील समाजसेवी गितेश नाइक का आम आदमी पार्टी में स्वागत करते हैं। उनके आने से न केवल पोंडा, बल्कि पूरे गोवा में पार्टी को मजबूती मिलेगी।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि गितेश का पिछला समाज सेवा का रिकॉर्ड और बहुजन समाज में उनकी पकड़ आप के लिए संजीवनी साबित हो सकती है।

गौरतलब है कि पोंडा विधानसभा सीट पूर्व मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री रवि नाइक के आकस्मिक निधन के बाद खाली हुई थी। जहां एक तरफ भाजपा ने रवि नाइक के बेटे रितेश रवि नाइक को टिकट देकर 'सहानुभूति' और 'विरासत' की राजनीति पर दांव लगाया है, वहीं आप ने एक नया चेहरा उतारकर मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश की है। पोंडा की लड़ाई अब विरासत बनाम नई राजनीति की हो गई है।

## अलप्पुझा में बर्ड फ्लू की पुष्टि हजारों पक्षियों को मारने का फैसला



**अलप्पुझा।** केरल के अलप्पुझा जिले में बर्ड फ्लू के संक्रमण की पुष्टि हुई है। बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद प्रशासन सख्त हो गया है और प्रशासन ने सख्त नियंत्रण उपाय शुरू कर दिए हैं। अलप्पुझा जिले की मुहम्मा ग्राम पंचायत के वार्ड-7 में बर्ड फ्लू के संक्रमण की पुष्टि हुई है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि प्रभावित क्षेत्र में 5,961 पक्षियों को मारने का फैसला किया गया है। प्रभावित क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में पक्षियों को मारने का निर्देश

जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की आपात बैठक बुलाई गई, जिसमें पक्षियों को मारने का फैसला किया गया।

पशुपालन विभाग ने प्रभावित क्षेत्र के केंद्र से एक किलोमीटर के दायरे में पक्षियों को मारने का अभियान चलाने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल (रैपिड रिस्पॉन्स टीम) तैनात कर दिए हैं। कुलिंग अभियान 21 मार्च की सुबह से शुरू किया जाएगा। जिला प्रशासन ने संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए सभी विभागों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं और लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

20 Mar -26 page 3 19-03-26 10:35 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शुक्रवार 20 मार्च -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## जब भाजपा महानगर कार्यालय पर सांसद-विधायक और मंत्री ने की नामित पार्षदों से मुलाकात

# हंसी-हंसी में ही सही लेकिन रख दी सबने अपने मन की बात










**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा की महानगर टीम घोषित हो चुकी है और इसी के साथ नामित पार्षदों की भी लिस्ट आ गई है। नामित पार्षदों में युवा चेहरे भी हैं और वरिष्ठ चेहरों को भी सम्मान मिला है।

भाजपा की एक परिपाटी है और परिवार में जब कोई भी ताजपोशी होती है तो परिचय बैठक होती है। इसी परम्परा का अनुपालन करते हुए गुरूवार को भाजपा महानगर कार्यालय पर परिचय बैठक हुई। इस बैठक में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग पहुंचे। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा पहुंचे। शहर विधायक संजीव शर्मा पहुंचे। मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी पहुंचे। पूर्व जनप्रतिनिधि भी पहुंचे। सभी ने अपनी अपनी बात रखी।

लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने सभी को बधाई दी, शुभकामनाएं दी और कहा कि सभी एक साथ मिलकर जनहित के मुद्दों पर काम करेंगे। विधायक संजीव शर्मा ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि बेहतर प्रयास के साथ समायोजन हुआ है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने भी बधाई दी और इसी तरह मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने भी सभी नामित पार्षदों को बधाई दी। संगठन पदाधिकारियों को बधाई दी।

खास बात ये रही कि यहां जनप्रतिनिधियों ने परिचय बैठक में हास्य परिहास में अपने मन की बात भी रख दी।

हालांकि ये एक सुखद माहौल में हास्य अंदाज में बात रखी जा रही थी। लेकिन राजनीति में बात चाहे गंभीर लहजे में कही जाये या मजाकिया लहजे में कही जाये। मगर शब्दों को सियासत पकड़ लेती है।

### सांसद अतुल गर्ग बोले, नहीं चली मेरी सिफारिश



करंट क्राइम। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को पहले से ही शब्द मैजिशियन कहा जाता है। वो किसी भी बात की गुगली बनाकर सियासत की पिच पर डालते हैं। उनका अपना अंदाज है और गुरूवार को वो उसी अंदाज में दिखाई दिये। सबसे पहले सांसद अतुल गर्ग ने सभी नामित पार्षद और महानगर टीम के पदाधिकारियों को बधाई दी। कहा कि पूरी टीम बहुत अच्छी बनी है। सभी समर्पित कार्यकर्ता हैं और भाजपा परिवार है। लेकिन यहां चलते चलते लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि टीम बहुत अच्छी है लेकिन मेरी कोई सिफारिश नहीं चली। फिर मुस्कुराये और फिर कहा कि बाकी सब की सिफारिश चली है लेकिन मेरी सिफारिश नहीं चली। सिफारिश ना चलने के इस सांसद अंदाज पर सभी ठहाके लगाते दिखाई दिये।

### कैबिनेट मंत्री बोले, मैं नहीं रोक पाया संजीव शर्मा को



करंट क्राइम। नामित पार्षदों की टीम सामने बैठी थी और बधाई देने के लिए सांसद मौजूद थे। कैबिनेट मंत्री मौजूद थे और विधायक मौजूद थे। सभी के सभी राजनीति के धुरंधर है और बातों ही बातों में सारी बात कह जाने का हुनर रखते हैं। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का भी अपना अलग स्टाईल है और जब माईक उनके हाथ में आया तो उन्होंने भी चुटिले अंदाज में हास्य परिहास के साथ अपनी बात कह दी। उन्होंने कहा कि नई टीम है और नए तथा पुराने चेहरों का समायोजन हुआ है ये अच्छी बात है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं की तारीफ की और कहा कि जो भी कार्यकर्ता मेहनती होता है, समर्पित होता है उसे आगे आने से कोई नहीं रोक सकता। मेहनती कार्यकर्ता नहीं रोका जा सकता और फिर मेहनती कार्यकर्ता वाली सुई शहर विधायक संजीव शर्मा की ओर घूमी। मुस्कुराते हुए कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने शहर विधायक संजीव शर्मा पर फोकस किया और कहा कि हमने भी संजीव शर्मा को रोकने की कोशिश की थी लेकिन संजीव शर्मा वास्तव में प्रतिभावान कार्यकर्ता करते हैं और वो हमसे नहीं रूक सके और आगे निकल गये। सुनील शर्मा के इस अंदाज पर शहर विधायक भी मुस्कुराये बिना नहीं रह सके।

### कैबिनेट मंत्री ने कहा, सभी को दिया जाये पांच सौ वोट बनाने का टारगेट

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा भाजपा की राजनीति के वो चेहरे हैं जिन्हें संगठन से लेकर सरकार चलाने का अनुभव है। जो जानते हैं कि किस तरह से जनता के बीच माहौल बनेगा। वो खुद काम करते हैं और काम लेना जानते हैं। परिचय वाली बेला में उन्होंने नामित पार्षदों और नव नियुक्त पदाधिकारियों के सामने टारगेट रख दिया। उन्होंने कहा कि जो भी नामित पार्षद बने है और जितने भी महानगर टीम के पदाधिकारी बने हैं, इन सभी को पांच सौ-पांच सौ वोट बनवाने का टारगेट दिया जाये। एसआईआर अभियान में लगभग 5 लाख वोट घट रहे हैं। नई टीम के ये चेहरे उत्साह और ऊर्जा से भरपूर हैं। इनके उत्साह और ऊर्जा का लाभ पार्टी हित में होना चाहिए। प्रत्येक नामित पार्षद, प्रत्येक पदाधिकारी को पांच सौ वोट बनाने का टारगेट दिया जाये।

### बोले पूर्व मेयर, ऐसा ना हो आप लोगों की तलाश में निकले अध्यक्ष



करंट क्राइम। जब परिचय हो रहा था और परिवार के बीच हंसी ठहाके चल रहे थे तो यहां पूर्व मेयर अशु वर्मा भी पीछे नहीं रहे। अशु वर्मा भी भाजपा के वो चेहरे हैं जिन्होंने यूथ मोर्चा की अध्यक्षी भी संभाली है और मेयर के रूप में शहर भी संभाला है। उनका भी अपना एक लहजा है और उसी मस्ती में दिखाई दिये। पूर्व मेयर अशु वर्मा के हाथ में माईक आया और उन्होंने कहा कि मैंने भाजपा युवा मोर्चा की टीम गठित होते देखी है। उन्होंने कहा कि अक्सर ये होता है कि जब पद नहीं मिलते हैं तो फिर अध्यक्ष के पीछे चलने वाली भीड़, अध्यक्ष के आस पास रहने वाले चेहरे सिमट जाते हैं। उन्होंने कहा कि ये दोनों ही अवस्थाओं में होता है। जब टीम घोषित हो जाती है तो पहले वो चेहरे गायब होते हैं जो पद की आस में होते हैं और पद नहीं मिलता। परन्तु ऐसा नहीं है कि वो ही गायब होते हैं बाद में वो चेहरे भी गायब हो जाते हैं जिन्हें पद मिलता है। यहां उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि आप सबको पद मिला है तो ऐसा नहीं होना चाहिए कि आपके अध्यक्ष आपको तलाशने निकलें।

### भगवत गुप्ता और पम्मी को पार्षद बनाने पर जताई खुशी

करंट क्राइम। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने नामित पार्षदों की नियुक्ति पर हर्ष जताते हुए सभी को बधाई दी। यहां उन्होंने दो चेहरों की ताजपोशी पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि भगवत गुप्ता और परमजीत सिंह पम्मी को नामित पार्षद बनाकर वास्तव में पार्टी ने पुराने कार्यकर्ताओं का सम्मान किया है। पुराने कार्यकर्ताओं का इस टीम में चुनकर आना इस बात का संदेश है कि पार्टी अपने कार्यकर्ता को जरूर सम्मान देती है।

## निकाल रहे हैं वंचित भाजपाई अपने दिल का गुब्बार

### सोशल मीडिया पर कोई दे रहा इस्तीफा तो किसी ने कहा आजीवन रहूंगा भाजपाई

























**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा में दस नामित पार्षदों की लिस्ट जारी हो गई। भाजपा में संगठन वाली टीम घोषित हो गई। भाजपा एक बड़ा दल है। लिहाजा यहां दावेदारों की संख्या भी ज्यादा थी। हर कोई अपने अपने हिसाब से अलग अलग दर पर सर झुका रहा था। हर किसी को विश्वास था कि उसकी निष्ठा उसकी मेहनत का फल मिलेगा। वहीं दूसरी तरफ संगठन के अपने मानक हैं और उनके लिए सभी समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ता देवतुल्य हैं। ये भी सत्य है कि सभी को समायोतिज नहीं किया जा सकता और ये भी सत्य है कि जब पूरी निष्ठा के साथ काम करने के बाद भी स्थान ना मिले तो फिर दिल का गुब्बार बाहर आता है। इधर नामित पार्षदों की लिस्ट बाहर आई और उधर फेसबुक पर भाजपा के वंचित चेहरों ने मन का गुब्बार रख दिया। वंचित भाजपाई इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि इन सबको ये यकीन था कि उनको जरूर स्थान मिलेगा और वो स्थान पाने से वंचित रह गये। अब मन का गुब्बार शब्दों के जरिए बाहर आ रहा है।

भाजपा के जयकमल अग्रवाल को पहली पारी में इनडायरेक्ट सरकारी जिम्मेदारी मिली थी। उनकी पत्नी को बाल आयोग का सदस्य बनाया गया था। ये मजिस्ट्रेट स्तर का पद होता है और उनके घर के बाहर ये बोर्ड आज भी लगा है। मगर दूसरी पारी में उन्हें स्थान नहीं मिला। वो पुराने कार्यकर्ता हैं और उम्मीदें कायम थी। जयकमल अग्रवाल ने इनडॉयरेक्ट वे में अपने मन की बात रखी है। उन्होंने कहा किसी ने अपना बनकर झूठ बोला और किसी ने झूठ बोला कि तू अपना है। नदिया पार के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी भी शायरी के साथ फेसबुक पर आये। उन्होंने लिखा कि मेरे रास्ते में इतने कांटे मत बिछाओ क्या पता कल तुम्हें मुझसे मिलने आना पड़ जाये।

भाजपा के सबसे पुराने कार्यकर्ता वरिष्ठ नेता अश्वनी शर्मा भी शायर की भाषा में सामने आये। उन्होंने कहा कि पुच्छल तारे जब अम्बर को ज्ञान सिखाने लगते हैं तो जुगनू चंदा मामा में दोष गिनाने लगते हैं। अश्वनी शर्मा यहीं नही थमे और उन्होंने लिखा कि राज सिंघासन से बंध कर जो अधर्म निहारे जाते हैं तो भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य और कर्ण भी मारे जाते हैं।

संदीप कुमार भी इमोशन के साथ आये और उन्होंने लिखा कि मैं भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता हूं और रहूंगा और वो अधिकार मुझसे कोई मंत्री, अध्यक्ष या विधायक नहीं छीन सकता। गुजन पंडित यानी गुजन शर्मा भी दर्द-ए-दिल के साथ प्रकट हुए। उन्होंने लिखा जो चाहा वो मिला, जो चाहूंगा वही मिलेगा।

जय माता दी। इमोशन वाले सीन में सबसे ज्यादा मोशन में संजय शर्मा नजर आये। एक के बाद एक कई पोस्ट आईं। पहले उन्होंने पोस्ट लिखी और कहा कि आज पार्टी से इस्तीफा, काम करेंगे हम कृपा किसी पर। फिर संजय शर्मा ने दूसरी पोस्ट डाली और लिखा कि जब चाटूकारिता से ही कुछ मिलता है तो फिर काम करने का क्या फायदा। गुस्सा यहीं नहीं थमा और फिर पोस्ट आई कि एक तरफ पूरा दिन इधर की बात उधर करना, चापलूसी और एक तरफ 25 साल की निष्ठा और मेहनत। अन्याय है कि नहीं।

संजय शर्मा फिर जातीगत आंकड़ों के साथ आये और कहा कि मुरादनगर विधानसभा में सबसे ज्यादा ब्राह्मण है, एक भी योग्य ब्राह्मण नहीं था जिसे नोमिनेट पार्षद बनाया गया हो। संजीव बाल्मीकि भी यहां प्रकट हुए और उन्होंने लिखा कि बेचारे कुछ लोगों को मीठी गोली खिला दी गई है। अब जब तक गोली हजम नहीं होगी तब तक झूमते रहेंगे।

अजय कुमार गुलिया ने लिखा कि अजीब ही परिपाटी हो गई अब, उसको इसलिए बनाया है वो पैसे खर्च करता है, हद ही हो गई नेताओं की भी। अजय चौधरी फिर प्रकट हुए लिखा कि कार्यकर्ताकर्ता काम कर कर कर कर... और नेता जी कार्यकर्ता को अब मर मर मर... और नेता जी जल्दी मेरी जेब भर भर भर और मेरी चापलूसी कर कर कर और अब जल्दी से कुछ बन बन बन। गाजियाबाद के नेताओं ने ये हाल अब महानगर में मचा रखा है।

ये एक लंबी फेहरिस्त है और इनकी नाराजगी भी जायज है। लोकतंत्र में सबको अपनी बात कहने का अधिकार है। जब कार्यकर्ता मेहनत करते हैं तो वो अपने दल से उम्मीद भी करते हैं। अपेक्षाएं जब पूरी होती तो कार्यकर्ता को लगता है कि उसकी उपेक्षा की गई है। फिर उपेक्षित होने की भावना से ग्रसित होकर कई बार भावनात्मक रूप से नाराजगी प्रकट की जाती है।

भाजपा में अब दो विचारधाराएं हैं एक वो हैं जो पार्टी का आभार व्यक्त कर रहे हैं और कह रहे हैं कि हमारी राजनीति में कर्मों की संचित पूंजी यही है कि हम जैसे कार्यकर्ताओं को सम्मान मिला है। वहीं दूसरी तरफ जो वंचित रह गये हैं वो अपने मन का गुब्बार रख रहे हैं। अच्छी बात ये है कि शालीनता के साथ रख रहे हैं। कोईप्रर्दशन या आक्रोश नहीं है। लेकिन विरोध जरूर है। सभी को अपनी बात कहने का अधिकार होता है। तो कार्यकर्ता को भी नाराजगी प्रकट करने का अधिकार है।

## तो क्या जीडीए बोर्ड मैम्बर वाली लिस्ट की कहानी में आ गया है होल्ड वाला ट्विस्ट

### सूची यहां से हो चुकी है फोल्ड तो फिर लखनऊ में कहां हो गई होल्ड




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा महानगर कार्यकारिणी घोषित हो गई। एक साल से जिस लिस्ट का इंतजार हो रहा था वो लिस्ट आ गई और महानगर अध्यक्ष को अब नई टीम मिल गई है। इसी के साथ नगर निगम के नामित पार्षदों की भी सूची घोषित हो गई। इस सूची में युवा चेहरे हैं वरिष्ठ भाजपाई है। सूची जारी होने के बाद से ही नामित पार्षदों के घर खुशी का ढोल बज रहा है। पार्टी ने सम्मान दिया है और वो इस सम्मान से अभिभूत हैं। नामित पार्षदों के साथ ही तीन जीडीए बोर्ड सदस्यों की भी घोषण होनी थी। लेकिन ये तीन वाला सीन लेट हो गया और किस वजह से देरी हुई है, इसको लेकर चर्चाएं चल रही हैं। सूत्र बताते हैं कि तीनों नाम यहां से लखनऊ जा चुके हैं। तीन नामों की घोषणा होनी थी और क्या इस लिस्ट में कोई होल्ड वाला सीन आया है। इसको लेकर चर्चा है। क्योंकि तीनों ही नाम लिफाफे में फोल्ड होकर जा चुके हैं। सूत्र बताते हैं कि इन तीन नामों ने पहले गाजियाबाद से मेरठ के क्षेत्रीय कार्यालय का सफर तय किया। फिर ये तीन नाम मेरठ के क्षेत्रीय कार्यालय से लखनऊ में भाजपा के प्रदेश कार्यालय पहुंचे हैं।

इस पर दिल्ली वालों की सहमति वाली मुहर लगी है। मगर कहानी में ट्विस्ट यही है कि तीन वाली लिस्ट में कोई होल्ड वाला पेंच फंस गया है। क्या किसी नाम को लेकर लिस्ट होल्ड हो गई है। या फिर सरकार अभी कुछ और सोच रही है। सूत्र बताते है कि लिस्ट के नाम फाईनल हो चुके हैं जो नाम यहां से गये हैं उनमें पूर्व महानगर अध्यक्ष का नाम है, पूर्व महामंत्री का नाम है और एक ओबीसी चेहरा भी जीडीबोर्ड वाली लिस्ट में है। कहानी में अब सस्पेंस यही है कि जो लिस्ट नामित पार्षदों के साथ घोषित होनी थी वो लिस्ट आखिर कहां लापता हो गई है। क्या ये लिस्ट अभी मॉडिफिकेशन के लिए किसी बड़े नेता के पास है या अभी इसमें कुछ दिन और लगेगें। बहरहाल जो भी हो जीडीए बोर्ड सदस्यों की लिस्ट को लेकर चर्चा पूरी तरह गरम है।

## ग्रामीण जोन पुलिस ने बरामद किए 600 मोबाइल फोन

> "कीमत एक करोड़ से ज्यादा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मोबाइल चोरी और गुमशुदगी के मामलों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ग्रामीण जोन ने बड़ी सफलता हासिल की है। ग्रामीण क्षेत्र के सभी थानों, साइबर और निगरानी टीम की संयुक्त कार्रवाई में 600 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ रुपये आंकी गई है। बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए गए हैं।

डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि यह कार्रवाई केंद्रीय उपकरण पहचान पंजीकरण प्रणाली (सीईआईआर) पर दर्ज शिकायतों के आधार पर की गई। मोबाइल चोरी और गुम होने की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने तकनीकी साक्ष्यों, निगरानी और अन्य सूचनाओं के आधार पर मोबाइल फोन को खोज निकाला। मोबाइल बरामदगी के लिए प्रत्येक मामले में गहन तकनीकी विश्लेषण किया गया, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में फोन रिकवर किए जा सके। वर्ष 2025 में ग्रामीण जोन पुलिस द्वारा 936 मोबाइल फोन बरामद किए गए थे, जबकि वर्ष 2026 में अब तक 881 मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं।

### मसूरी पुलिस ने बरामद किए सबसे ज्यादा फोन



**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गामीण जोन पुलिस ने थानावार बरामदगी का विवरण इस प्रकार है। जिसमें लोनी से 72, ट्रोनिका सिटी से 65, अंकुर विहार से 60, लोनी बॉर्डर से 71, मसूरी से 80, मुरादनगर से 62, मोदीनगर से 75, निवाड़ी से 58 और भोजपुर से 57 मोबाइल फोन बरामद किए गए। इससे पहले शहर जोन पुलिस भी 555 मोबाइल फोन बरामद कर चुकी है। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से पुलिस की सक्रियता और अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख साफ नजर आ रहा है। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि मोबाइल खोने या चोरी होने पर तुरंत शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर मोबाइल को बरामद किया जा सके।

## 13वीं मंजिल से कूदकर ज्योतिषि बेटे ने दी जान, फ्लैट में मिली मां की लाश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कविनगर थानाक्षेत्र की महागुणपुरम सोसाइटी में गुरुवार को उस वक्त सनसनी फैल गई, जब 42 वर्षीय राजबीर सिंह ने 13वीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना ने उस समय और रहस्यमय रूप ले लिया, जब पुलिस जांच के दौरान उसके फ्लैट में पहुंची और वहां उसकी 70 वर्षीय मां सतनाम कौर का सड़ा-गला शव बरामद हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राजबीर सिंह अचानक 13वीं मंजिल पर पहुंचा और डक्ट एरिया से नीचे छलांग लगा दी। गिरते समय वह लोहे के शेड से टकराया और जोरदार आवाज के साथ जमीन पर आ गिरा। आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे सुरक्षा गार्ड ने उसे खून से लथपथ हालत में पाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद जब पुलिस मृतक के फ्लैट की जांच करने पहुंची, तो दरवाजे से ही तेज दुर्गंध आ रही थी। दरवाजा खोलने पर अंदर का नजारा देखकर पुलिसकर्मी सन्न रह गए—कमरे में उसकी मां सतनाम कौर का शव पड़ा था, जो करीब 2-3 दिन पुराना बताया जा रहा है। शुरूआती जांच में शव पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले हैं।



महागुणपुरम का मामला

फाईल फोटो

### पत्नी और बेटे से अलग रह रहा था राजबीर



**करंट क्राइम :** जांच में यह भी सामने आया है कि राजबीर अपनी पत्नी और 10 वर्षीय बेटे से पिछले करीब 10 वर्षों से अलग रह रहा था और फिलहाल बेरोजगार था। पड़ोसियों के अनुसार, वह अक्सर गुमसुम रहता था और उसकी मां पिछले कुछ दिनों से दिखाई नहीं दे रही थीं। वहीं एसीपी कवि नगर सूर्यबलि मोर्य ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मां की मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल यह मामला डबल डेथ मिस्ट्री बन गया है, जिसमें आर्थिक तंगी, पारिवारिक कलह और मानसिक तनाव जैसे पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही इस पूरे घटनाक्रम से पर्दा उठने की उम्मीद है।

20 Mar -26 page 4 19-03-2026 21:50 Page 1



## संपादकीय

# अग्नि सुरक्षा ऑडिट निर्देश

बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, मुख्य सचिव राजीव वर्मा, दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा और अन्य विभागों से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की अपनी पहली बैठक की बुधवार को अध्यक्षता करते हुए पूरे शहर में व्यापक अग्नि सुरक्षा अंकेक्षण (ऑडिट) के निर्देश दिए। ये निर्देश दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के पालम इलाके में एक बहुमंजिला इमारत में आग लगने की घटना के बाद दिए गए जिसमें कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हुए हैं। बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, मुख्य सचिव राजीव वर्मा, दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा और अन्य विभागों से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उपराज्यपाल कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आवासीय इमारत में आज आग लगने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर चर्चा की गई। ऐसी घटनाएं रोकने संबंधी कदमों को मजबूत करने के लिए इलाकों और संस्थानों में व्यापक अग्नि सुरक्षा ऑडिट के निर्देश दिए गए।

बैठक में डीडीएमए ने 21,000 करोड़ रुपए की दिल्ली शहरी बाढ़ नियंत्रण योजना को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। यह योजना शहर की जल निकासी प्रणाली को मजबूत करने और बाढ़ के जोखिम को कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। इस योजना के तहत प्रमुख नालों की सफाई और गाद निकालने के साथ-साथ अतिरिक्त वर्षा जल निकासी ढांचे का निर्माण किया जाएगा। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए योजना के समय पर क्रियान्वयन पर विशेष ेर दिया। राजधानी के पालम क्षेत्र स्थित एक बहुमंजिला आवासीय इमारत में लगी भीषण आग की घटना पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने घटना की मजिस्ट्रेट से जांच कराने के आदेश दिए हैं। उन्होंने घटना की मजिस्ट्रेट जांच कराने के आदेश देते हुए कहा कि आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच की जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी अपने संदेश में कहा कि इस दुखद घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन, दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) और दिल्ली पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गईं। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों के लिए वित्तीय सहायता की घोषणा करते हुए कहा कि मृतक वयस्कों के परिजनों को 10 लाख रुपए, मृतक नाबालिगों के परिजनों को पांच लाख रुपए और गंभीर रूप से घायलों को दो लाख रुपए की तात्कालिक सहायता दी जाएगी। दिल्ली के पालम में बुधवार को हुई घटना पर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शोक व्यक्त किया। उन्होंने एक एक्स पोस्ट में लिखा झ दिल्ली के पालम में हुई यह घटना बेहद दुखद है। पीड़ित परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। राजधानी में लगातार सामने आ रही आग की घटनाएं

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय आनुवांशिक अध्ययन में पाया गया कि अंग्रेज वास्तव में फ्रेंच और जर्मन है और वेल्श असली ब्रिटान हैं।
- ऑक्सफोर्ड में 38 व्यक्तिगत कॉलेज और 5 निजी हॉल हैं।
- ऑक्सफोर्ड क्षमता विश्लेषण परीक्षा नामक एक ₹व्यक्तित्व परीक्षण₹ है, जो वास्तव में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय या किसी अन्य ऑक्सफोर्ड से संबंधित कोई वैज्ञानिक रोग परीक्षण नहीं है।
- ऑक्सफोर्ड के आंकड़ों से पता चलता है कि विश्वविद्यालय में 22,000 छात्र हैं, जिनमें से 11,772 पूर्वस्नातक छात्र हैं और 9.850 स्नातक छात्र हैं। 62% स्नातक छात्र ब्रिटेन से नहीं हैं।
- एक ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय सम्मेलन का अनुमान है कि साल 2100 तक होने वाली मानव विलुप्त होने की घटना की संभावना 19% होनी चाहिए।
- मेरे बहुत पसंदीदा मिस्टर बीन (रोवन एटकिन्सन) ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय गये थे। उन्होंने न्यूकैसल विश्वविद्यालय में अध्ययन किया और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में अपने मास्टर की डिग्री प्राप्त की थी।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की अपनी पुलिस बल था, जिसे साल 2003 तक समाप्त नहीं किया गया था।
- ऑक्सफोर्ड में एबिंगडन स्कूल में भाग लेने के दौरान रेडियोहेड (एबिंगडन से एक अंग्रेजी रॉक बैंड) का गठन किया गया था।
- साल 1950 तक, संसद में ऑक्सफोर्ड के भूतपूर्व छात्र के लिए हमेशा दो सीटों की गारंटी थी।

## राशिफल

मेष : मौज-मस्ती और मनपसंद काम करने का दिन है। बीते दिनों में इनवेस्ट किए धन का फायदा आज आपको मिल सकता है।

वृष : आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं। प्रॉपर्टी से जुड़े लेन-देन पूरे होंगे और लाभ पहुंचाएंगे।

मिथुन: आज का दिन मौज-मस्ती और आनंद से भरा रहेगा., क्योंकि आप जिंदगी को पूरी तरह जिएंगे।

कर्क : किसी झगड़ालू इंसान से वाद-विवाद आपका मूड खराब कर सकता है। किसी भी तरह का विवाद आपके लिए मददगार नहीं रहेगा।

सिंह : भागमभाग भरे दिन के बावजूद आपकी सेहत पूरी तरह दुरुस्त रहेगी। लम्बे समय से अटके मुआवजे और कर्ज से छुटकारा मिलेगा।

कन्या : ऐसी गतिविधियों में संलग्न रहें, जो आपको सुकून दें। आज आपको किसी अज्ञात स्रोत से पैसा प्राप्त हो सकता हैं।

तुला : अपने खान.पान का विशेष ध्यान रखें। खास तौर पर माइग्रेन के मरीजों को समय पर खाना नहीं छोड ा चाहिए।

वृश्चिक : व्यर्थ की चिंताएं और परेशानियां आपके शरीर पर नकारात्मक असर डाल सकती हैं और त्वचा से जुड़ी समस्याएं पैदा कर सकती हैं।

धनु : कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आपकी कोई पुरानी बीमारी आज आपको परेशान कर सकती है। जरूरतों को ज्यादा गंभीरता से न लें।

मकर : आपका झगाड़ालू स्वभाव आपके दुश्मनों की सूची लम्बी कर सकता है। खुद को न्यूटल रखें।

कुंभ : रचनात्मक काम आपको सुकून देगा। आज धन लाभ होने की संभावना तो बन रही है।

मीन : अपने जीवन साथी के साथ पारिवारिक समस्याओं को साझा करें। आपके बच्चे भी घर में खुशी और सुकून के माहौल को महसूस कर सकेंगे।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# भारी गिरावट से टूटा शेयर बाजार: सेंसेक्स 2500 अंक लुढ़का, निवेशकों के 11 लाख करोड़ स्वाहा




**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 2496.89 अंक गिरकर 74,207.24 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 775.65 अंक गिरकर 23,002.15 अंक पर बंद हुआ। हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ।

बेंचमार्क सूचकांक और निफ्टी में तीन प्रतिशत की ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 2496.89 अंक या 3.26 प्रतिशत गिरकर 74,207.24 पर बंद हुआ। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 775.65 अंक या 3.26 प्रतिशत गिरकर 23,002.15 पर बंद हुआ।

निवेशकों को 11 लाख करोड़ का हुआ नुकसान बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, गुरुवार को आई बड़ी बिकवाली के बीच बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण करीब 11.5 लाख करोड़ रुपये घटकर करीब 427 लाख करोड़ रुपये रह गया।

### कीमती धातुओं में भारी गिरावट

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। चांदी की कीमत 14230 रुपये गिरकर 2.33 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोने का भाव 5330 रुपये गिरकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।

### जंग ने वैश्विक बाजारों की चिंता बढ़ाई

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच ऊर्जा ढांचे पर हमलों ने वैश्विक बाजारों में चिंता बढ़ा दी है। ईरान के प्रमुख गैस उत्पादन क्षेत्र पर हमले और कतर स्थित दुनिया की सबसे बड़ी एलएनजी उत्पादन सुविधा को निशाना बनाए जाने से ऊर्जा आपूर्ति पर असर की आशंका गहरा गई है। बैंकिंग और मार्केट विशेषज्ञ अजय बग्गा ने एएनआई से बातचीत में कहा कि इन घटनाओं ने खाड़ी क्षेत्र के तनाव को बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंचा दिया है। उनके अनुसार, इससे वैश्विक ऊर्जा सप्लाई में बाधा की आशंका बढ़ी है, जिसका असर महंगाई और बाजारों पर साफ दिख सकता है।

### फेड ने ब्याज दरों को रखा स्थिर

इस बीच, अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों को स्थिर रखा है। फेड चेयर जेरोम पॉवेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में ह्यअनिश्चितताह्व शब्द का कई बार उल्लेख करते हुए संकेत दिया कि टैरिफ और ऊर्जा संकट से महंगाई का दबाव बढ़ सकता है। उनका रुख अपेक्षाकृत सख्त (हॉकिश) माना जा रहा है।

# टेक्सटाइल निर्यात में तमिलनाडु नंबर-1: 8 अरब डॉलर के साथ गुजरात-महाराष्ट्र को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु 2024-25 में 7,997.17 मिलियन डॉलर के निर्यात के साथ देश का सबसे बड़ा टेक्सटाइल निर्यातक बन गया है। पिछले चार वर्षों में निर्यात में करीब 29% वृद्धि हुई है और कुल राष्ट्रीय निर्यात में इसकी हिस्सेदारी 21.84% रही। भारत के टेक्सटाइल निर्यात क्षेत्र में तमिलनाडु ने शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। वित्त वर्ष 2024-25 में राज्य से 7,997.17 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 8 अरब डॉलर) का निर्यात दर्ज किया गया, जो पिछले चार वर्षों में लगभग 29.12 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है।



आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2020-21 में तमिलनाडु का टेक्सटाइल निर्यात 6,193 मिलियन डॉलर था, जो लगातार नीतिगत प्रयासों और औद्योगिक समर्थन के चलते बढ़कर 2024-25 में 7,997.17 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया।

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस उपलब्धि को द्रविड़ियन मॉडल सरकार की योजनाबद्ध नीतियों का परिणाम बताते हुए कहा कि तमिलनाडु ने गुजरात और महाराष्ट्र जैसे बड़े औद्योगिक राज्यों को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया है। उन्होंने बताया कि देश के कुल टेक्सटाइल निर्यात में तमिलनाडु की हिस्सेदारी 21.84 प्रतिशत हो गई है।

राष्ट्रीय स्तर पर देखें तो भारत से कुल टेक्सटाइल निर्यात का मूल्य 36,610 मिलियन डॉलर रहा, जिसमें तमिलनाडु का योगदान सबसे अधिक रहा। यह आंकड़े केंद्र सरकार के नेशनल इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट रिकॉर्ड फॉर ईयरली एनालिसिस ऑफ ट्रेडह्व (ठकफ्रअळ) प्लेटफॉर्म से प्राप्त हुए हैं, जो विदेशी व्यापार से जुड़े रियल-टाइम डेटा उपलब्ध कराता है।

रैंकिंग की बात करें तो गुजरात 5,646.01 मिलियन डॉलर के निर्यात के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि महाराष्ट्र 3,831.29 मिलियन डॉलर के साथ तीसरे स्थान पर है। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, राज्य के विभिन्न विभागों द्वारा लागू की गई योजनाओं और उद्योग-अनुकूल नीतियों ने टेक्सटाइल सेक्टर में बहुआयामी विकास को गति दी है।

# पश्चिम एशिया तनाव से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल फेड ने ब्याज दरें 3.5%-3.75% पर रखीं बरकरार



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल देखा गया। ब्रेंट क्रूड 4% से अधिक बढ़कर 112.17 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जिससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंता गहरा गई है।

तेल की कीमतों में यह तेजी इस्राइल और ईरान के बीच बढ़ते टकराव के बाद आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस्राइल ने ईरान के साउथ पार्स गैस फील्ड को निशाना बनाया, जिसके जवाब में ईरान ने कतर के रास लाफान इंडस्ट्रियल सिटी पर हमला किया।

**फेड ने दूसरी बार ब्याज दरों में नहीं किया बदलाव :** अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने बुधवार को अपनी प्रमुख ब्याज दर को 3.5% से 3.75% के दायरे में यथावत रखने का फैसला किया। फेड ने कहा कि आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं, हालांकि महंगाई अभी भी ऊंचे स्तर पर बनी हुई है और वैश्विक परिस्थितियों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। फेड की ओर से जारी बयान में कहा गया कि रोजगार वृद्धि सीमित रही है, जबकि बेरोजगारी दर में हाल के महीनों में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। केंद्रीय बैंक ने अपने दोहरे लक्ष्य अधिकतम रोजगार और दीर्घकाल में 2% महंगाई को दोहराते हुए कहा कि इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए वह प्रतिबद्ध है।

## नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 7.19% बढ़कर 22.80 लाख करोड़

चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 17 मार्च तक देश का नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 7.19 प्रतिशत बढ़कर 22.80 लाख करोड़ पहुंच गया है। यह जानकारी आयकर विभाग द्वारा जारी ताजा अस्थायी आंकड़ों में सामने आई है। जारी आंकड़ों के मुताबिक, कुल संग्रह में कॉरपोरेट टैक्स का योगदान 10.91 लाख करोड़ रहा, जबकि नॉन-कॉरपोरेट टैक्स 11.32 लाख करोड़ रहा। वहीं, सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स (रळळ) 55,717 करोड़ दर्ज किया गया, जो पिछले वर्ष के 53,095 करोड़ से अधिक है। हालांकि, अन्य करों से मिलने वाला राजस्व घटकर करीब 365 करोड़ रह गया, जो एक साल पहले लगभग 3,400 करोड़ था। एडवांस टैक्स कलेक्शन में भी 6.42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो बढ़कर 11.13 लाख करोड़ हो गया। इसी अवधि में सरकार ने 4.35 लाख करोड़ के रिफंड जारी किए। रिफंड समायोजन से पहले, सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 17 मार्च तक 27.15 लाख करोड़ रहा, जो सालाना आधार पर 4.86 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

## चुटकुले

बीवी ने नया सिम खरीदा और
सोचा कि पति को सरप्राइज दूंगी।
वह किचन में गई और पति को फोन किया।
बीवी- हैलो डार्लिंग।
पति (धीरे से बोलते हुए)- तुम बाद में फोन करना,
अभी चुड़ैल किचन में है।

---

टीटू सड़क पर जा रहा था,
तभी एक चिड़िया उसके सिर पर बीट करके उड़ गई.
रूमाल से सिर साफ करते हुए टीटू बोला- भगवान का
लाख लाख शुक्र है,
कि उसने गाय-भैंसों को उड़ने के लायक नहीं बनाया।

---

टिल्लू ने पिल्लू को थप्पड़ मार दिया...
पिल्लू- ये तूने मजाक में मारा या सच में मारा?
पिल्लू- सच में मारा।
टिल्लू तो ठीक है, मुझे मजाक बिल्कुल भी पसंद
नहीं है।

---

टीटू को फांसी की सजा सुनाई गई।
जज ने पूछा- कोई आखिरी ख्वाहिश?
टीटू- हमारी जगह तुम लटक जाओ।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# पीएनजी विस्तार को बढ़ावा: राज्यों को मिलेगा 10% अतिरिक्त वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) तंत्र के विस्तार में सहयोग करने वाली राज्य सरकारों को 10 फीसदी अतिरिक्त वाणिज्यिक एलपीजी (लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस) देने की घोषणा की है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने एक अंतर मंत्रालयी प्रेसवार्ता में बताया कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण ऊर्जा आपूर्ति की स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है। यह कदम स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने और ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने के उद्देश्य से उठाया गया है।




सुजाता शर्मा ने कहा कि इस पहल से राज्य सरकारों को पीएनजी बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। अतिरिक्त वाणिज्यिक एलपीजी का आवंटन उन राज्यों को किया जाएगा जो पीएनजी कनेक्शनों की संख्या बढ़ाने और वितरण तंत्र को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

उन्होंने बताया कि पिछले दो सप्ताह में देशभर में सवा लाख नए घरेलू और वाणिज्यिक एलपीजी कनेक्शन जारी किए गए हैं। यह आंकड़ा ऊर्जा क्षेत्र में उपभोक्ताओं की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है। इसके साथ ही, पिछले तीन दिनों के भीतर पांच हजार से अधिक ग्राहकों ने एलपीजी से पीएनजी में सफलतापूर्वक स्थानांतरण किया है। यह बदलाव पर्यावरण के अनुकूल ईंधन विकल्पों की ओर बढ़ते रुझान को इंगित करता है। सुजाता शर्मा ने बताया कि कच्चे तेल की स्थिति और शोधन संयंत्रों का संचालन सामान्य बना हुआ है। उन्होंने पुष्टि की कि खुदरा पंपों पर तेल की कमी की कोई रिपोर्ट नहीं है और सभी आउटलेट सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। घरेलू पीएनजी और परिवहन के लिए सीएनजी की आपूर्ति बिना किसी कटौती के शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जा रही है।

सुजाता शर्मा ने कहा, लगातार जारी युद्ध के कारण एलपीजी की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

### 5600 से अधिक एलपीजी उपभोक्ताओं ने पीएनजी उपयोग शुरू किया

मंत्रालय ने वाणिज्यिक एलपीजी उपभोक्ताओं से जहां संभव हो, सीएनजी पर स्विच करने की अपील की है, जिसके लिए कई कंपनियों ने प्रोत्साहन राशि की घोषणा की है। सरकार ने पीएनजी नेटवर्क विस्तार में सहयोग करने वाली राज्य सरकारों को दस फीसदी अतिरिक्त वाणिज्यिक एलपीजी देने का वादा किया है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, पिछले दो सप्ताह में लगभग 125,000 नए घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक कनेक्शन जारी किए गए हैं। साथ ही, पिछले तीन दिनों में 5,600 से अधिक एलपीजी उपभोक्ताओं ने पीएनजी का उपयोग शुरू कर दिया है।

# सराफा बाजार में दिखी गिरावट, चांदी करीब 14000 तक टूटी, सोना 5300 सस्ता

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच गुरुवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। चांदी की कीमत 14230 रुपये गिरकर 2.33 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोने का भाव 5330 रुपये गिरकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।




### एमसीक्स पर सोने-चांदी का भाव

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (टउ) पर बुलियन बाजार दबाव में नजर आया। मजबूत अमेरिकी डॉलर और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सोना और चांदी दोनों में गिरावट दर्ज की गई। एमसीक्स पर 24 कैरेट सोना 0.57% टूटकर 1,52,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करता दिखा, जबकि चांदी 1.21% गिरकर 2,45,197 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

### वैश्विक बाजारों में सोने-चांदी की स्थिति

अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी कमजोरी देखने को मिली। स्पॉट गोल्ड 1.22% गिरकर 4,836 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि स्पॉट सिल्वर 2.25% से ज्यादा टूटकर 75.75 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता दिखा। मार्च महीने में अब तक सोने की कीमतों में करीब 4% और चांदी में लगभग 16% की गिरावट आ चुकी है, जिससे निवेशकों की धारणा फिलहाल कमजोर बनी हुई है।

### भू-राजनीतिक तनाव और फेड के फैसलों का दिखा असर

विशेषज्ञों के मुताबिक, अमेरिका-ईरान तनाव और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है, जिससे डॉलर मजबूत हुआ और इसका सीधा दबाव सोने-चांदी पर पड़ा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ताजा मौद्रिक नीति फैसले का भी असर बाजार पर देखने को मिला। फेड ने लगातार दूसरी बैठक में ब्याज दरों को 3.5% से 3.75% के दायरे में स्थिर रखा है। इससे पहले 2025 में सितंबर, अक्तूबर और दिसंबर में 0.25% की कटौती की गई थी। बाजार की नजर फेड चेयर जेरोम पॉवेल की टिप्पणियों पर भी रही।



# लखनऊ में आते ही पक्के दोस्त बने ऋषभ पंत-अर्जुन तेंदुलकर

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 से पहले दिल्ली कैपिटल्स ने कोचिंग स्टाफ में बड़ा बदलाव किया है। टीम प्रबंधन ने जॉन मूनी को फील्डिंग कोच बनाया है। वहीं, लखनऊ में शामिल होते ही अर्जुन तेंदुलकर और ऋषभ पंत पक्के दोस्त बन गए हैं।

आईपीएल 2026 की शुरूआत में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है। 28 मार्च से टूर्नामेंट के 19वें संस्करण की शुरूआत होनी है। इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स ने कोचिंग स्टाफ में बड़ा बदलाव किया है। टीम में जॉन मूनी की एंट्री हुई है। उन्हें फील्डिंग कोच बनाया गया है। वहीं, लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत की महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर से पक्की दोस्ती हो गई है।

जॉन मूनी बने दिल्ली के फील्डिंग कोच

अपना पहला आईपीएल खिताब जीतने के लिए प्रयासरत दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2026 से पहले अपनी कोचिंग टीम को और मजबूत किया है और आयरलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जॉन मूनी को फील्डिंग कोच के रूप में नियुक्त किया है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड से लेवल 3, 2, और 1 कोचिंग सर्टिफिकेट प्राप्त जॉन मूनी दिल्ली में ज्ञानेश्वर राव और एंटोन रॉक्स की जगह लेंगे। दोनों आईपीएल 2025 के बाद टीम से अलग हो गए थे। जॉन मूनी दिल्ली कैपिटल्स की पहले से मजबूत कोचिंग टीम को और मजबूती देंगे। दिल्ली कैपिटल्स की कोचिंग टीम में हेमंग बदानी (हेड कोच), मुनाफ पटेल (बॉलिंग कोच), इयान बेल (सहायक कोच) शामिल हैं। वेणुगोपाल राव टीम के डायरेक्टर हैं।

जॉन मूनी के पास अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कोचिंग का अनुभव है। वह 2018 से 2019 के बीच अफगानिस्तान के फील्डिंग कोच रहे हैं।

इसी दौरान अफगानिस्तान ने भारत के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने 2019 में वेस्टइंडीज की पुरुष टीम के साथ भी काम किया था। इस साल जनवरी से आयरलैंड की महिला टीम के अस्थायी कोच हैं।

44 साल के जॉन मूनी ने आयरलैंड के लिए 2006 से 2015 के बीच 64 वनडे और 27 टी20 मैच खेले। बाएं हाथ से बल्लेबाजी करने वाले मूनी ने वनडे की 55 पारियों में 14 बार नाबाद रहते हुए 3 अर्धशतक लगाते हुए 963 रन बनाए। वहीं टी20 की 23 पारियों में 231 रन बनाए। वहीं दाएं से मध्यम गति की तेज गेंदबाजी करने वाले इस खिलाड़ी ने वनडे में 48 और टी20 में 10 विकेट लिए थे। वह आयरलैंड के लिए तीन वनडे (2007, 2011 और 2015) और 2 टी20 विश्व कप खेल चुके हैं।

## दिल्ली कैपिटल्स के कोचिंग स्टाफ में बदलाव






## एलएसजी में पक्के दोस्त बने पंत और अर्जुन

आईपीएल 2026 में अर्जुन मुंबई इंडियंस की जगह लखनऊ सुपर जाएंट्स की तरफ से खेलते हुए नजर आएंगे। एलएसजी ने अभ्यास सत्र का एक वीडियो साझा किया है जिसमें पंत और अर्जुन एक दूसरे से बातचीत करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान पंत अर्जुन के बल्ले का वजन जानकर हैरान हो जाते हैं। पंत ने अर्जुन से उनके बल्ले का वजन पूछा। अर्जुन ने बताया, 1220 ग्राम। इतना सुनकर पंत हैरान रह गए। पंत ने पूछा कि भारी बल्ले से खेलने का क्या फायदा है, तो अर्जुन ने जवाब दिया, इसे छूने पर भी उड़ता है। पापा 1310-1315 के साथ खेलते थे। मैं 1200 से नीचे नहीं जाता। अर्जुन तेंदुलकर और ऋषभ पंत की उम्र में ज्यादा अंतर नहीं है। इसलिए एलएसजी कैंप में मिलते ही दोनों दोस्त बन गए हैं। वीडियो में पंत एक जगह अर्जुन से यह कहते हुए दिखते हैं कि जब भी जरूरत होगी, वह उनके लिए मौजूद रहेंगे।

# अपनी तस्वीर देख अर्शदीप सिंह बोले इसे खाना पीना खिलाओ, काफी कमजोर है

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई नमन अवॉर्ड्स में अर्शदीप सिंह का एक मजेदार वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने फैन के पोर्ट्रेट पर हंसी-मजाक किया। मैदान के बाहर उनके इस अंदाज ने सबका दिल जीत लिया। वहीं, टी20 वर्ल्ड कप 2026 में उनका प्रदर्शन भी भारत की जीत में अहम रहा।



दिल्ली में आयोजित बीसीसीआई नमन अवॉर्ड्स के दौरान अर्शदीप सिंह का एक मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यह कार्यक्रम भारतीय क्रिकेट में खिलाड़ियों के योगदान और उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें पुरुष और महिला दोनों टीमों के सितारे शामिल हुए। इवेंट के दौरान एक फैन, जो एक आर्टिस्ट भी था, अर्शदीप के पास उनका हाथ से बनाया पोर्ट्रेट लेकर पहुंचा और ऑटोग्राफ मांगा। अर्शदीप ने खुशी-खुशी साइन किया, लेकिन इसके बाद जो कहा, उसने सबको हंसा दिया। अर्शदीप ने पोर्ट्रेट को देखते हुए मजाकिया अंदाज में कहा, 'इसे खाना-पीना खिलाओ, थोड़ा बड़ा करो, काफी कमजोर लग रहा है ये।' उनका यह हल्का-फुल्का कमेंट वहां मौजूद लोगों के बीच हंसी का कारण बना और देखते ही देखते इंटरनेट पर वायरल हो गया। अर्शदीप भी मुस्कुराते हुए दिखे।

**टी20 वर्ल्ड कप जीत का हिस्सा:** मजेदार अंदाज के अलावा अर्शदीप अपने शानदार प्रदर्शन के लिए भी चर्चा में रहे। वह भारत की टी20 वर्ल्ड कप 2026 विजेता टीम का अहम हिस्सा थे।

# दिनेश कार्तिक के घर फिर गूंजी किलकारी

## पत्नी दीपिका ने बेटी को दिया जन्म

**नई दिल्ली।** दिनेश कार्तिक और दीपिका पल्लिकल के घर खुशियों ने फिर दस्तक दी है। दीपिका ने बेटी को जन्म दिया, जिससे परिवार में जश्न का माहौल है। फैंस और खेल जगत से उन्हें लगातार बधाइयां मिल रही हैं।

भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक और स्क्वॉश स्टार दीपिका पल्लीकल के घर बेटी का जन्म हुआ है। इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से दी है। कपल ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'हमारे दिलों में दुआओं और शब्दों से परे शुक्रिया के साथ, हम खुशी-खुशी अपनी प्यारी बेटी का इस दुनिया में स्वागत करते हैं। कबीर और जियान अपनी छोटी बहन, राहा पल्लीकल कार्तिक को देखकर बहुत खुश हैं। प्यार, दीपिका और दिनेश।' दिनेश के इस पोस्ट पर विराट कोहली ने भी प्रतिक्रिया दी है और दिल का इमोजी बनाया है। इसके अलावा क्रुणाल पांड्या की पत्नी पंखुड़ी शर्मा ने भी बधाई दी है। बैडमिंटन स्टार चिराग शेट्टी ने भी कमेंट किया है। इसके अलावा अन्य खिलाड़ी भी बधाई दे रहे हैं।



इस कपल ने 25 अगस्त, 2015 को पारंपरिक हिंदू और ईसाई रीति-रिवाजों से शादी की और 2021 में उनके जुड़वां बच्चे हुए। दिनेश कार्तिक एक बेहतरीन विकेटकीपर बल्लेबाज रहे हैं और देश के लिए तीनों ही फॉर्मेट में खेल चुके हैं।

कार्तिक को बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर भारत को निदाहास ट्रॉफी में चैंपियन बनाने के लिए हमेशा याद किया जाता है। वह 2007 टी20 विश्व कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय टीम के भी सदस्य रहे हैं। दिनेश का आईपीएल करियर भी शानदार रहा है। संन्यास के बाद वह बतौर कोच और कमेंटेटर क्रिकेट की दुनिया में सक्रिय हैं। दिनेश कार्तिक आईपीएल 2025 में आरसीबी के पहली बार मेंटॉर बने थे, और उसी सीजन आरसीबी ने अपना पहला खिताब जीता था। इस बीच, दीपिका ने दुनिया की टॉप-10 रैंकिंग में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला के तौर पर भारतीय स्क्वैश इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया।

# क्या टी-20 विश्वकप के दौरान अनफिट थे बाबर-फखर

## पाकिस्तान टीम के फिजियो सवालों के घेरे में

**कराची।** टी-20 विश्व कप के दौरान बाबर आजम और फखर जमां की फिटनेस को लेकर विवाद गहरा गया है। रिपोर्ट्स में दोनों के अनफिट होने का दावा किया गया है। फिजियो और पीसीबी मेडिकल सिस्टम पर सवाल उठ रहे हैं। अब बोर्ड जांच करेगा, जिसके बाद सच्चाई सामने आएगी।




पाकिस्तान क्रिकेट में एक नया विवाद सामने आया है, जिसने टीम मैनेजमेंट और मेडिकल सिस्टम दोनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बाबर आजम और फखर जमां को टी20 विश्व कप के लिए उस समय चुना गया था, जब वे पूरी तरह फिट नहीं थे। इस खुलासे के बाद क्रिकेट जगत में हलचल तेज हो गई है।

जांच की मांग तेज

मामले ने तूल तब पकड़ा जब आकिब जावेद ने खुलकर इस पर सवाल उठाए। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, ताकि सच्चाई सामने आ सके।' वहीं, पीसीबी मेडिकल पैनल से जुड़े विशेषज्ञ डॉ. जावेद मुगल ने भी खिलाड़ियों की फिटनेस क्लियरेंस प्रक्रिया पर चिंता जताई है।

चोट की गंभीरता छुपी?

रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि विश्व कप के बाद जब बाबर आजम की दोबारा जांच हुई, तो उनकी चोट पहले के अनुमान से ज्यादा गंभीर पाई गई। यही वजह रही कि उन्होंने नेशनल टी-20 कप से दूरी बना ली।

दूसरी ओर, फखर जमां भी लंबे समय से चोट से जूझ रहे थे, जिससे उनकी फिटनेस पर सवाल और गहरे हो गए हैं।



### फिजियो की भूमिका कटघरे में

इस पूरे विवाद में टीम के फिजियो क्लिफ डीकन की भूमिका पर भी अंगुलियां उठ रही हैं। चयन समिति का कहना है, 'हमने केवल उन्हीं खिलाड़ियों को चुना जिन्हें फिजियो से फिटनेस क्लीयरेंस मिला था।' पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड अब इस मामले की जांच करने जा रहा है। अगर यह साबित होता है कि अनफिट खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया था, तो संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो सकती है। फिलहाल, बाबर आजम नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैब कर रहे हैं और 26 मार्च से शुरू होने वाली पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) में पेशावर जाल्मी की कप्तानी करते नजर आ सकते हैं।

### पीसीबी करेगा जांच

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड अब इस मामले की जांच करने जा रहा है। अगर यह साबित होता है कि अनफिट खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया था, तो संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो सकती है। फिलहाल, बाबर आजम नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैब कर रहे हैं और 26 मार्च से शुरू होने वाली पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) में पेशावर जाल्मी की कप्तानी करते नजर आ सकते हैं।

# शराब को कहा अलविदा, फिटनेस पर ध्यान दे रहे युजवेंद्र चहल

**नई दिल्ली।** युजवेंद्र चहल ने आईपीएल 2026 से पहले फिटनेस सुधारने और बेहतर प्रदर्शन के लिए शराब छोड़ दी है और पिछले छह महीनों से इससे दूर हैं।

भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल ने आईपीएल 2026 से पहले अपनी फिटनेस और प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने शराब पीना पूरी तरह से छोड़ दिया है और पिछले छह महीनों से इससे दूर हैं। यह खुलासा उन्होंने पूर्व दक्षिण अफ्रीकी दिग्गज एबी डिविलियर्स के साथ एक पॉडकास्ट में किया।

फिटनेस और प्रदर्शन पर फोकस

चहल इस बार आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स की ओर से खेलेंगे। उन्होंने कहा कि अब उनकी उम्र 35 साल हो चुकी है, इसलिए वह अपनी फिटनेस को लेकर और ज्यादा सजग हो गए हैं। चहल ने कहा, 'मैंने शराब पीना बंद कर दिया है। अब मैं अपनी टीम के लिए 150% देना चाहता हूं और एक सीनियर खिलाड़ी के तौर पर युवाओं के लिए उदाहरण बनना चाहता हूं।'



### आईपीएल 2026 और टीम इंडिया पर नजर

चहल का लक्ष्य इस बार सिर्फ अच्छा प्रदर्शन करना ही नहीं, बल्कि पंजाब किंग्स को पहला आईपीएल खिताब दिलाना भी है। इसके अलावा वह टीम इंडिया में वापसी करना चाहते हैं। उन्होंने आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच 2023 में खेला था।

**पिछले आईपीएल में चहल का प्रदर्शन:** आईपीएल 2025 में चहल का प्रदर्शन ठीक-ठाक रहा था। 14 मैचों में उन्होंने 16 विकेट लिए। टीम फाइनल तक भी पहुंची, लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हाथों उसे करारी शिकस्त मिली।

### चोटों ने किया परेशान

चहल ने बताया कि 2025 सीजन में चोटों ने उनके प्रदर्शन को काफी प्रभावित किया। केकेआर के खिलाफ मैच के बाद उनकी पसलियों में फ्रैक्चर हुआ। बाद में उंगली में चोट लगी। इन चोटों की वजह से वह सेमीफाइनल और फाइनल में अपनी पूरी क्षमता से गेंदबाजी नहीं कर पाए। उन्होंने कहा, 'मैं खुद से निराश था। इस बार मेरा फोकस सबसे पहले अपने शरीर का ख्याल रखना है।'

# आईपीएल से पहले धोनी दे सकते हैं प्रशंसकों को सरप्राइज, क्या माही बदलेंगे अपनी लकी जर्सी का नंबर

**नई दिल्ली।** सीएसके के पूर्व कप्तान धोनी ने सोशल मीडिया पोस्ट में जर्सी नंबर 7 छोड़कर 8 अपनाने का संकेत दिया, जिससे फैंस के बीच जबरदस्त चर्चा शुरू हो गई। हालांकि, अभी तक यह साफ नहीं है कि यह असली बदलाव है या किसी विज्ञापन/सरप्राइज का हिस्सा।

भारतीय टीम और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी एक बार फिर चर्चा में हैं।




इस बार वजह है उनका एक सोशल मीडिया पोस्ट, जिसने फैंस के बीच जबरदस्त उत्सुकता और अटकलों का माहौल बना दिया है। बता दें कि, आईपीएल 2026 की शुरूआत 28 मार्च से होगी। धोनी इस सीजन में भी खेलते नजर आएंगे।

**क्या कहा धोनी ने**

मंगलवार को धोनी ने फेसबुक पर एक रहस्यमयी पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने लिखा, 'कुछ नंबर आपके साथ हमेशा रहते हैं। 7 हमेशा मेरे साथ रहा है। लेकिन आज मैं 8 पर स्विच कर रहा हूं। जल्द ही आपको पता चलेगा क्यों।' इस पोस्ट के सामने आते ही सोशल मीडिया पर हलचल मच गई।

धोनी का जर्सी नंबर 7 उनके करियर का प्रतीक बन चुका है। 2004 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू से लेकर 2019 तक टीम इंडिया के कप्तान रहते हुए कई ऐतिहासिक जीत दर्ज की। आईपीएल में सीएसके के साथ लंबा सफर तय किया है। नंबर 7 को धोनी की पहचान माना जाता है।

आईपीएल के 19वें संस्करण की शुरूआत से पहले पहले दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने धोनी को खास सलाह दी है। उन्होंने कहा कि आईपीएल के आगामी सीजन में धोनी का छठे नंबर से नीचे नहीं उतरना चाहिए क्योंकि आठवें और नौवें स्थान पर उतरना उनकी मौजूदगी के साथ न्याय नहीं होता।

# आरसीबी के पूर्व सुपरस्टार एबी डिविलियर्स ने पढ़े विराट कोहली की तारीफ में कसीदे

## कहा- वह टीम में नई ऊर्जा भरते हैं, बताया RCB की धड़कन



**नई दिल्ली।** एबी डिविलियर्स ने विराट कोहली को आरसीबी की धड़कन बताते हुए कहा कि उनकी ऊर्जा और नेतृत्व टीम को लगातार प्रेरित करता है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले सीजन में पूरी टीम के सामूहिक प्रदर्शन से आरसीबी मजबूत बनी है और आगामी आईपीएल सीजन में फिर खिताब जीतने की स्थिति में है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व सुपरस्टार एबी डिविलियर्स ने विराट कोहली की तारीफ करते हुए उन्हें फ्रेंचाइजी की नींव बताया है। कोहली अब तक सभी 18 सीजन आरसीबी की ओर से ही खेले हैं। डिविलियर्स ने इस बात पर जोर दिया है कि कोहली न सिर्फ अपने प्रदर्शन की वजह से, बल्कि टीम में अपनी मौजूदगी और जिस ऊर्जा के साथ वह टीम को लीड करते हैं, उसकी वजह से भी टीम के लिए सबसे अहम हैं।

### आरसीबी की नजर खिताब बचाने पर

डिविलियर्स का मानना है कि कोहली की मौजूदगी टीम को, खासकर युवा खिलाड़ियों को, लगातार प्रेरित करती रहती है, जिससे आरसीबी में उनकी विरासत और भी मजबूत होती है। आईपीएल 2026 की शुरूआत 28 मार्च से होगी। इस नए सीजन का पहला मैच बंगलूरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। पिछले साल के शानदार प्रदर्शन के बाद, कोहली और फ्रेंचाइजी से इस बार भी काफी उम्मीदें हैं, क्योंकि वे अपने खिताब को बचाने की कोशिश करेंगे।



कोहली की तारीफ में क्या-क्या बोले डिविलियर्स?

डिविलियर्स ने 'जियोस्टार' से बातचीत में कहा, 'विराट यकीनन अब भी इस फ्रेंचाइजी की धड़कन हैं। न सिर्फ अपने प्रदर्शन और पिछले कुछ वर्षों में बल्ले से दिखाई गई जबरदस्त निरंतरता की वजह से, बल्कि अपनी मौजूदगी और टीम में लाई गई ऊर्जा की वजह से भी। जिस तरह से वह मैदान के अंदर और बाहर खुद को पेश करते हैं, और हमेशा टीम के लिए लड़ते हैं, वह बात उन्हें सबसे अलग बनाती है। वह टीम में एक नई ऊर्जा भर देते हैं और युवा खिलाड़ियों को यह विश्वास दिलाते हैं कि वे भी आखिरकार ट्रॉफी जीत सकते हैं, ठीक वैसे ही, जैसे आरसीबी ने पिछले साल जीती थी।'

उन्होंने कहा, 'पिछले सीजन की जो बात मुझे सबसे अच्छी लगी, वह यह थी कि हां, कोहली टीम के मुख्य रन बनाने वाले खिलाड़ियों में से एक थे, जैसा कि अक्सर ओपनर्स होते हैं, लेकिन इस बार दूसरे खिलाड़ियों ने भी आगे बढ़कर जिम्मेदारी संभाली। पहले अक्सर ऐसा होता था कि आरसीबी सिर्फ दो, तीन या चार खिलाड़ियों के लगातार अच्छा प्रदर्शन करने पर ही निर्भर रहती थी, लेकिन इस बार, मुझे लगा कि पूरी टीम ने मिलकर योगदान दिया।'

डिविलियर्स ने इन खिलाड़ियों को भी सराहा

आरसीबी ने आईपीएल 2025 का खिताब अपने नाम करते हुए ट्रॉफी के सूखे को समाप्त किया था। डिविलियर्स ने कहा, 'फाइनल इसका बेहतरीन उदाहरण है। उस मैच में विराट ने 35 गेंदों में 43 रन बनाए थे। लेकिन असल में पाटीदार, लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा और रोमारियो शेपर्ड जैसे खिलाड़ियों ने ही तेज स्ट्राइक रेट से रन बनाए और टीम को 190 से ज्यादा का स्कोर बनाने में मदद की, जिसकी बदौलत टीम आखिरकार मैच जीत पाई। गेंदबाजी में क्रुणाल पांड्या ने भी अहम योगदान दिया।'

उन्होंने कहा, 'मेरा मतलब यही है कि खिलाड़ी पूरे सीजन में इसी तरह योगदान दे रहे हैं, और गेंदबाजी आक्रमण भी मजबूत हो रहा है। विराट यह महसूस कर सकते हैं, उन्हें यह एहसास हो सकता है कि अब सारा बोझ सिर्फ उन्हीं पर नहीं है। उनके आस-पास लड़ाकों की एक टीम है, जो सभी ट्रॉफी जीतने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मुझे लगता है कि वे अभी बहुत अच्छी स्थिति में हैं। यह लगभग वही टीम है, उन्हें ज्यादा बदलाव करने की जरूरत नहीं पड़ी, और उनके पास यह मानने का अच्छा कारण है कि वे आने वाले सीजन में एक बार फिर से जीत हासिल कर सकते हैं।'

# फुटबॉल मैच में एक ही टीम के दो खिलाड़ी जख्मी

## एक की अंगुली कटी, दूसरे की कोहनी टूटी



**लंदन।** लिवरपूल और गैलेटसरे के मैच में नोआ लैंग और विक्टर ओसिम्हेन गंभीर रूप से घायल हो गए। लैंग को विज्ञापन बोर्ड से टकराने पर सर्जरी की जरूरत पड़ी, जबकि ओसिम्हेन को फ्रैक्चर हुआ। इस घटना के बाद स्टेडियम सुरक्षा पर सवाल उठे और वएत्रक्षअ से कार्रवाई की मांग तेज हो गई।

यूईएफए चैंपियंस लीग में लिवरपूल और गैलेटेसरे के बीच खेले गए मुकाबले में जहां लिवरपूल ने 4-0 से जीत दर्ज की, वहीं इस मैच की सबसे बड़ी चर्चा खिलाड़ियों की गंभीर चोटें बन गईं। गैलेटेसरे के दो प्रमुख खिलाड़ी नोआ लैंग और विक्ट ओसिम्हेन इस मुकाबले में बुरी तरह घायल हो गए, जिससे फुटबॉल जगत में चिंता और नाराजगी बढ़ गई है।

नोआ लैंग के साथ हुआ दर्दनाक हादसा

मैच के दौरान सबसे चौंकाने वाला पल तब आया, जब नोआ लैंग विज्ञापन बोर्ड से टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उनके हाथ से खून बहने लगा और उन्हें तुरंत स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया। क्लब ने बाद में पुष्टि की कि उनके अंगूठे में गंभीर चोट आई है और सर्जरी करानी पड़ेगी। ऐसा लगा कि उनकी अंगुली दो हिस्सों में कट गई है। बताया जा रहा है कि विज्ञापन बोर्ड के पास एक मैकेनिकल हिस्सा खुला रह गया था, जिससे टकराने के कारण यह चोट और गंभीर हो गई। इस घटना ने फैंस को नाराज कर दिया।




# नवरात्रि के पहले दिन महामाया देवी पहुंचे 40 हजार श्रद्धालु

## भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशोदिया ने फीता काटकर किया मेले का उद्घाटन

- इस वर्ष मेले में तीस लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई जा रही है
- अब तक सवा ग्यारह हजार से अधिक जोत श्रद्धालु लेकर जा चुके हैं





**मोदीनगर, करंट क्राइम।** महामाया देवी मंदिर में चैत्र नवरात्र मेले का गुरुवार को शुभारंभ हो गया। पहले दिन 40 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और प्रसाद चढ़ाया। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशोदिया व पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली ने सयुक्त रूप से फीता काट व नारियल फोड़कर मेले का औपचारिक उद्घाटन किया।

नवरात्र के पहले दिन सुबह चार बजे से ही मंदिर परिसर में माता शीतला देवी को स्नान कराकर उनका श्रृंगार किया गया। मुख्य पुजारी सुनील भगत ने विधि-विधान से पूजा अर्चना संपन्न कराई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाना शुरू किया।

मंदिर के मुख्य पुजारी के अनुसार, पहले दिन सुबह से शाम तक 40 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाया है। अब तक सवा ग्यारह हजार से अधिक जोत श्रद्धालु लेकर जा चुके हैं। सप्तमी से लेकर नवमी तक मंदिर में अधिक भीड़ रहने की संभावना है। मेले का औपचारिक उद्घाटन गुरुवार दोपहर भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया, पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली, एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा व अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र की मौजूदगी में हुआ। इसके बाद अतिथियों ने मंदिर परिसर में पूजा की और परिसर में स्थित वटवृक्ष पर फूल चढ़ाकर शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। महामाया देवी मंदिर के मेले में एनसीआर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान और हरियाणा सहित उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु आते हैं। इस वर्ष मेले में तीस लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई जा रही है।

नगर पालिका परिषद द्वारा मेले के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मंदिर परिसर से दो किलोमीटर दूर पांच पार्किंग स्थल बनाए गए हैं, जहां वाहन खड़े करके श्रद्धालु पैदल मंदिर तक पहुंच सकते हैं।

# खोड़ा में एसएस इंटरनेशनल स्कूल में लगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा के अनिल विहार स्थित एसएस इंटरनेशनल स्कूल में जनसेवा की एक नई मिसाल देखने को मिली। भाजपा नेता देवेंद्र यादव के नेतृत्व में डीजी स्वास्थ्य द्वारा 'निशुल्क स्वास्थ्य शिविर' में क्षेत्र के सैकड़ों निवासियों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

शिविर में पहुंचे विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की गहन जांच की। इस दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर और आंखों की जांच के लिए आधुनिक मशीनों का प्रयोग किया गया। जांच के बाद जरूरतमंद मरीजों को मौके पर ही निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। शिविर में सुबह से ही लोगों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं।

इस मौके पर मुख्य आयोजक देवेंद्र यादव ने कहा, हमारा उद्देश्य उन लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाना है जो आर्थिक तंगी के कारण बड़े अस्पतालों का रुख नहीं कर पाते। समाज के अंतिम व्यक्ति तक इलाज पहुँचाना ही हमारा लक्ष्य है और भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन निरंतर होता रहेगा।

शिविर में आए स्थानीय निवासियों ने इस पहल की जमकर सराहना की। लोगों का कहना था कि घर के पास ही विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह और मुफ्त दवाइयां मिलना उनके लिए बड़ी राहत की बात है। कार्यक्रम के अंत में देवेंद्र यादव ने स्वास्थ्य विभाग की टीम और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## दिल्ली हत्याकांड के विरोध में कैंडल मार्च

# हिंदू संगठनों ने जताया विरोध

## आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** दिल्ली के उत्तम नगर में हुए तरुण हत्याकांड के विरोध में लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए हिंदू संगठनों के बैनर तले रात में कैंडल मार्च निकाला गया, जिसमें मृतक को श्रद्धांजलि दी गई और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

यह कैंडल मार्च मोदी मंदिर से शुरू हुआ। इसमें बड़ी संख्या में लोग हाथों में मोमबत्तियां लेकर शामिल हुए। मार्च शांतिपूर्ण तरीके से राज चैराहे तक पहुंचा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने न्याय दो के नारे लगाए और तरुण को श्रद्धांजलि अर्पित की। लोगों में घटना को लेकर गहरा रोष देखने को मिला। प्रदर्शनकारियों ने हत्या के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों ने मौन रखकर मृतक को श्रद्धांजलि दी और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने की कामना की। मोदीनगर के चेयरमैन विनोद वैशाली ने कहा कि इस कैंडल मार्च के जरिए लोगों ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वे न्याय मिलने तक अपनी आवाज उठाते रहेंगे।

# पार्षद मदन राय ने किया सड़क के सौंदर्यकरण कार्य का शुभारंभ





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेंद्र नगर क्षेत्र के निवासियों को जर्जर सड़कों और जलभराव की समस्या से जल्द निजात मिलने वाली है। वार्ड संख्या 86 के पार्षद मदन राय ने क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देते हुए राजेंद्र नगर, सेक्टर 2, ब्लॉक 6, कस्तूरबा पार्क के पास सड़क के सौंदर्यकरण एवं निर्माण कार्य का विधिवत उद्घाटन किया।

पार्षद मदन राय का स्थानीय निवासियों ने स्वागत किया। उद्घाटन के दौरान पार्षद ने कहा कि वार्ड का विकास उनकी प्राथमिकता है और कस्तूरबा पार्क मार्ग का सौंदर्यकरण होने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि स्थानीय परिवेश भी स्वच्छ और सुंदर नजर आएगा। इस अवसर पर वी.पी. दीक्षित, जे.पी. वर्मा, अनिल सेंगर, रामबीर, के.पी. सिंह, एम.पी. सिंह, मदन तोमर, नीरज शर्मा, सुरेंदर सहगल, बी.के. शुक्ला, एम.के. जोगिंदर सिंह, वधवा आदि लोग मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस सड़क के बनने से पिछले काफी समय से हो रही असुविधा समाप्त हो जाएगी। कार्यक्रम के अंत में पार्षद मदन राय ने कहा वार्ड के अन्य शेष विकास कार्यों को भी समय सीमा के भीतर पूरा कर लिया जाएगा।

# हापुड़ के कारगो टर्मिनल से प्रतिमाह मुंबई व कोलकाता जाएंगी 50 मालगाड़ियां



**हापुड़।** रेलवे के डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के दी गति शक्ति कार्गो टर्मिनल का बृहस्पतिवार (आज) शुभारंभ होगा। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक प्रवीन कुमार इसका शुभारंभ करेंगे। कुराना टोल प्लाजा के पास 12 एकड़ में बने पहले स्टेशन का शुभारंभ होने से प्रतिमाह मुंबई और कोलकाता तक 50 मालगाड़ियां प्रतिमाह यहां से जाएंगी। इन मालगाड़ियों में चार पहिया वाहनों को लोड करके भेजा जाएगा।

सुशीला वेंकेटेश्वर इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक के डायरेक्टर अक्षय चौहान ने बताया कि मालगाड़ियों के सफल संचालन के लिए केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण रेलवे डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर योजना के अंतर्गत इसका निर्माण कराया गया है। परियोजना के तहत पश्चिम उत्तर प्रदेश के पांच स्टेशनों को विशेष दर्जा दिया जाएगा। इन पांच स्टेशनों में हापुड़ का नाम भी शामिल है। यात्री रेलगाड़ियों को पुराने रेलमार्ग पर संचालित किया जाएगा, जबकि इस लाइन पर सिर्फ मालगाड़ियों का संचालन इस पर होगा। उन्होंने बताया कि हापुड़ के जिलों से माल को लोड करने के लिए अभी कोई स्टेशन नहीं था, यह पहला स्टेशन होगा।

# तेज हवा और बारिश के साथ बदला मौसम, तापमान में गिरावट



**हापुड़।** पिछले कुछ दिनों से मौसम में उतार चढ़ाव चल रहा है। बुधवार को दिन में गर्मी के बाद देर शाम एक बार फिर से मौसम बदल गया। तेज हवाओं के साथ बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई, और लोगों को गर्मी से राहत मिली। अगले दो दिन और इसी प्रकार का मौसम बने रहने की संभावना है।

बुधवार को दिन में तेज धूप से लोग परेशान रहे। शाम होते होते मौसम ने करवट बदलनी शुरू कर दी थी। देर शाम को आकाश में बादल छा गए और बारिश शुरू हो गई। इस दौरान तेज हवाओं ने भी बादलों का पूरा साथ दिया। बुधवार को दिन में चटख धूप के कारण दिन का अधिकतम तापमान 31 डिग्री दर्ज किया गया। लेकिन बारिश होने के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इस मौसम में शहर के लोगों ने जमकर लुफ्त उठाया और लोग बारिश के बीच सड़कों पर निकलते नजर आए। हालांकि तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने किसानों को चिंता बढ़ा दी।

# आशीष चौधरी बने महानगर मंत्री कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन विस्तार के तहत आशीष चौधरी को जिम्मेदारी सौंपते हुए महानगर मंत्री नियुक्त किया गया है। इस घोषणा के बाद से ही स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह देखा जा रहा है।

ढोल-नगाड़ों के साथ हुआ स्वागत आशीष चौधरी के महानगर मंत्री बने पर कार्यकर्ता उनके आवास और कार्यालय पर एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों और मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया।

इस अवसर पर नवनियुक्त महानगर मंत्री आशीष चौधरी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा, पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर पूरी निष्ठा के साथ उतरने का प्रयास करूँगा।

# डॉ बी आर अंबेडकर जन्मोत्सव आयोजन समिति के सदस्यों ने पदभार ग्रहण किया

- बड़ी संख्या में सदस्यों एवं समर्थकों की उपस्थिति में अध्यक्ष पद पर तरुण कुमार ने शपथ ली







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** डॉ. बी.आर. अंबेडकर जन्मोत्सव आयोजन समिति के सदस्यों को गुरुवार को आयोजित एक कार्यक्रम में पद भार ग्रहण किया। डॉ. बी.आर. अंबेडकर पार्क, नवीन मार्केट, मैं आयोजित समझ में सभी सदस्यों को पदभार ग्रहण कराया गया।

बड़ी संख्या में सदस्यों एवं समर्थकों की उपस्थिति में अध्यक्ष पद पर तरुण कुमार ने शपथ ली। उनके सात दुष्यंत गौतम ने महासचिव, यशपाल ने कोषाध्यक्ष और हरेंद्र गौतम ने लेखा परीक्षक का पदभार ग्रहण किया। समझ में बड़ी संख्या में दलित समाज के लोग उपस्थित हुए उन्होंने सभी पदाधिकारी को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर वरिष्ठ सदस्यों और समर्थकों, जिनमें अधिवक्ता रामेश्वर दत्त, एडवोकेट जय सिंह,डॉ. चरण सिंह , बाबू लाल ,कमलेश कुमारी, आरपी सिंह, मंगू सिंह, एड. लक्ष्मण सिंह, ओंकार पहलवान, हरिदत्त पहलवान, एड किशोर , महेंद्र सिंह, हरीश हितैषी, हर्षरूप सिंह , देवपाल हरित ,शारदा सिंह , एड विक्रम सिंह ,अशोक कोशल, वेदप्रकाश, बिरजू ,शांति स्वरूप बोद्ध, राहुल सिंह(पूर्व अध्यक्ष), शेखर भाई, विजय, कुलदीप, विक्की, गुल्लू , गज्जू ,गौरव , रीना, नितिन, संजीव, हेमचंद राव और कई अन्य लोग शामिल थे

सभी सदस्यों ने नवगठित समिति के सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष तरुण कुमार ने ने आश्वासन दिया कि वे पूर्ण समर्पण और एकता के साथ भारत रत्न डॉ. बी.आर. अंबेडकर की जयंती समारोह को भव्य और सार्थक तरीके से आयोजित करने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि समिति के सदस्य समानता, न्याय और सामाजिक सशक्तिकरण के उनके आदर्शों को बढ़ावा देंगे। समारोह का समापन धन्यवाद प्रस्ताव और समाज की सेवा में निष्ठा और समर्पण के साथ सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।




# अब नदियापार वालों को तोड़ना होगा रिकॉर्ड

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जिस तरीके से पहले सिटी वालों ने 555 और फिर 600 से ज्यादा का देहात वालों ने मोबाइल बरामद की का रिकॉर्ड बनाया है, तो नदिया पार वालों के लिए इस संख्या को बढ़ाना बेहद आवश्यक होगा। वैसे वर्तमान में वहां कोई डीसीपी वाला साहब तैनात नहीं है। अस्थाई तौर पर सिटी वाले ही कमान संभाल रहे हैं। तो इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि जिस तरीके से देशद्रोही और विदेशी गतिविधियों में शामिल वाले मामले का खुलासा किया गया है। तो इसी मामले की चर्चा लखनऊ तक में जोरों पर है। बताया जा रहा है कि कभी मशीन से बांग्लादेशी को पकड़ने वाले थ्री-स्टार की आजकल लखनऊ में टीआरपी हाई हो गई है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले साहब भी उनसे खुश चल रहे हैं। बताया जा रहा है कि जिस तरीके से बेहद महत्वपूर्ण मामले का खुलासा हुआ है और अब इसके तार अन्य जिलों से भी जुड़ने लगे हैं। तो इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि जल्द ही नदिया पार वाले साहब जो पोस्ट होंगे, उनको यह रिकॉर्ड तोड़ना होगा। वैसे भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में तमाम रिकॉर्ड टूट रहे हैं। वहीं जिस तरीके से सिटी वाले जोन के एक थानाक्षेत्र और सर्किल का मामला ऐसा बिगड़ा हुआ है कि कभी थाने के बाहर दरी बिछ रही है। तो कभी गेट पर गद्दे लगाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि जब से नए वाले एसीपी साहब आए हैं, तब से न जाने क्यों हिंदूवादी संगठनों का रुख इस सर्किल की ओर ज्यादा ही हो गया है। जिसकी वजह से आजकल थाना पुलिस पसीना-पसीना चल रही है। इन सबके बीच जानकारी यह मिली है कि नवरात्रि के बाद कभी भी एसीपी स्तर के अधिकारियों वाली लिस्ट को रवाना किया जा सकता है। जिसके बाद एडीसीपी स्तर के अधिकारियों को भी टाटा बाय-बाय की जा सकती है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट में दो सर्किल के प्रमुखता के साथ जोन बदलेंगे, ऐसी जानकारी अभी से बाहर निकल कर आने लगी है। वही बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कुछ इंस्पेक्टर अभी भी अपने प्रयास में लगे हुए हैं ताकि उनका मामला सेट हो जाए और वह दोबारा से या पहली बार चार्ज पर आ जाएं। कुल मिलाकर अब देखना होगा की नदिया पार वाले मोबाइल बरामदगी का कितना रिकॉर्ड बनाते हैं और कौन आने वाले दिनों में फिर से तोड़ने का काम करेगा।




# पार्षद धीरज अग्रवाल ने नीति खंड-1 में 18 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी सड़क निर्माण कार्य का किया शुभारंभ



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के नीति खंड-1 स्थित नीति वाटिका सोसायटी में क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए लगभग 18 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस कार्य का उद्घाटन पार्षद धीरज अग्रवाल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मंडल मंत्री नूपुर अग्रवाल, पार्षद प्रतिनिधि प्रयाम सक्सैना, इंदिरापुरम सोशल मीडिया प्रभारी धीरज शर्मा, पूर्व मंडल महामंत्री अनिल कटारिया, अरुणेश तिवारी , अवधेश तिवारी, गौरव आदि लोग मौजूद रहे। पार्षद ने कहा कि मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना प्राथमिकता है। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा प्राप्त होगी।

## यक्ष एप के जरिए लूट का आरोपी ट्रेस

# डिजिटल तकनीक से वेवसिटी पुलिस को मिली सफलता

- रंग ला रही है सीपी की डिजिटल पुलिसिंग




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में डिजिटल सिस्टम को मजबूत करने की दिशा में किए जा रहे प्रयास अब असर दिखाने लगे हैं। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर लगातार यक्ष एप पर काम कर रही टीम को बड़ी सफलता मिली है। हाल ही में लूट के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को यक्ष एप के जरिए ट्रेस कर वेव सिटी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान एप के माध्यम से आरोपी की लोकेशन और गतिविधियों की सटीक जानकारी मिली, जिसके आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया।

### क्या है यक्ष एप?




**करंट क्राइम :** यक्ष एप पुलिस का एक आधुनिक डिजिटल टूल है, जिसके जरिए संदिग्ध व्यक्तियों की लोकेशन, मूवमेंट, कॉल डिटेल्स और अन्य तकनीकी इनपुट्स का विश्लेषण किया जाता है। यह एप विभिन्न डेटा को एकीकृत कर पुलिस को तेजी से कार्रवाई करने में मदद करता है, जिससे अपराधियों तक पहुंच आसान हो जाती है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कहा कि तकनीक के उपयोग से पुलिसिंग को और प्रभावी बनाया जा रहा है। यक्ष एप जैसे डिजिटल टूल्स के जरिए अपराधियों की ट्रैकिंग आसान हुई है और इससे अपराध नियंत्रण में बेहतर परिणाम मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी इस तरह की आधुनिक तकनीकों का अधिक से अधिक उपयोग किया जाएगा, ताकि जनता को सुरक्षित वातावरण मिल सके और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता मां दुर्गा के अनन्य भक्त हैं। अपने पैतृक गांव सपनावत में उन्होंने मां वैष्णो धाम की स्थापना की है। प्रतिवर्ष बड़ा कार्यक्रम आयोजित कराते हैं। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन संजीव गुप्ता ने विधि विधान के साथ प्रथम देवी मां शैल पुत्री की पूजा अर्चना की। एक सनातन संस्कृति का संदेश उन्होंने दिया और इस पूजा प्रार्थना के पल को फेसबुक पर साझा किया। समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता की ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।






# इस्राइली हमलों के बाद ईरान ने किया पलटवार

## खाड़ी में कई रिफाइनरी को बनाया निशाना, अब तक 13 अमेरिकी सैनिकों की मौत

**तेहरान।** इस्राइल के हमलों के बाद ईरान ने पलटवार किया है। तेहरान ने पड़ोसी अरब देशों में हमले तेज किए हैं। खाड़ी देशों में कई रिफाइनरी को निशाना बनाया गया है। पश्चिम एशिया क्षेत्र में स्थिति गंभीर होती जा रही है।

ईरान ने गुरुवार को खाड़ी क्षेत्र के अरब पड़ोसी देशों के ऊर्जा ठिकानों पर अपने हमले तेज कर दिए। यह कदम इस्राइल की ओर से उसके मुख्य अपतटीय गैस क्षेत्र पर किए गए हमले के जवाब में उठाया गया। ईरान ने लाल सागर में सऊदी अरब की एक रिफाइनरी पर हमला किया और कतर की एलएनजी सुविधाओं तथा कुवैत की दो तेल रिफाइनरियों को निशाना बनाया। इससे पश्चिम एशिया में जारी युद्ध गंभीर स्थिति में पहुंच गया है और दुनियाभर में ईंधन की कीमतें तेजी से वृद्धि हुई है।

**युद्ध के कारण तेल की कीमतों में उछाल**

अंतरराष्ट्रीय मानक माने जाने वाले ब्रेंट क्रूड तेल की कीमत 114 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। 28 फरवरी को इस्राइल और अमेरिका ने ईरान पर हमले शुरू किए थे, इसके बाद से इसमें 57 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हो चुकी है। ऊर्जा संकट की आशंका के कारण बाजारों में चिंता बढ़ गई है।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के तट के पास एक जहाज में आग लग गई और कतर के पास एक अन्य जहाज को नुकसान पहुंचा। इससे होर्मुज जलडमरूमध्य पर मंडराते खतरे की ओर ध्यान गया, जहां से दुनिया के तेल का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है और जिस पर ईरान का प्रभाव है।

सऊदी अरब पहले ही इस जलमार्ग से बचने के लिए तेल को पश्चिम की ओर लाल सागर के रास्ते भेज रहा था, लेकिन यनबू शहर में स्थित उसकी सैमरेफ रिफाइनरी पर ईरानी ड्रोन हमले के बाद इस रास्ते की सुरक्षा पर भी सवाल उठ गए हैं। कतर ने बताया कि उसकी एक बड़ी एलएनजी सुविधा में लगी आग पर



काबू पा लिया गया है। इससे पहले के हमलों के कारण उत्पादन पहले ही बंद था। लेकिन नए हमलों से वहां और ज्यादा नुकसान हुआ है। इससे युद्ध खत्म होने के बाद भी कतर की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। कतर दुनिया के लिए प्राकृतिक गैस का एक बड़ा स्रोत है।

**कुवैत में रिफाइनरी पर ड्रोन हमला:** कुवैत की मीना अल-अहमदी रिफाइनरी पर ड्रोन हमले से आग लग गई। हालांकि, किसी के घायल होने की खबर नहीं है। यह पश्चिम एशिया की सबसे बड़ी रिफाइनरियों में से एक है। इसके कुछ ही समय बाद पास की मीना अब्दुल्ला रिफाइनरी में भी आग लग गई।

**हमलों से भरोसा पूरी तरह खत्म हो गया: सऊदी राजनयिक**

अबू धाबी के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें हबशन गैस सुविधा और बाब फील्ड में काम बंद करना पड़ा। उन्होंने इसे ईरान के हमलों को खतरनाक बढ़ोतरी बताया। खाड़ी क्षेत्र के कई इलाकों में मिसाइल हमले की चेतावनी देने वाले सायरन बजे और इस्राइल ने भी कई बार ईरानी हमलों की चेतावनी दी।

कतर, सऊदी अरब और यूएई ने इन हमलों की निंदा की है। सऊदी अरब के शीर्ष राजनयिक ने कहा कि इन हमलों से भरोसा पूरी तरह खत्म हो गया है।

**पेजेशकियन और ट्रंप ने क्या कहा:** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने चेतावनी दी कि इसके परिणाम खतरनाक हो सकते हैं और पूरी दुनिया को प्रभावित कर सकते हैं। वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान कतर के ऊर्जा ढांचे पर हमले जारी रखता है तो अमेरिका कड़ी कार्रवाई करेगा।

### सऊदी अरब ने मार गिराए छह ड्रोन

इसके बावजूद ईरान ने अपने हमले जारी रखे। सऊदी अरब ने रियाद और पूर्वी प्रांत में छह ड्रोन मार गिराए। लेकिन सैमरेफ रिफाइनरी को नुकसान पहुंचा। यह रिफाइनरी सऊदी अरामको और एक्सॉनमोबिल की साझेदारी है।

### इस्राइल में सुरक्षित ठिकानों पर गए लाखों लोग

इस्राइल में भी ईरान के कई हमलों के कारण लाखों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। इमारतों को नुकसान पहुंचा। लेकिन बड़े पैमाने पर जनहानि की खबर नहीं है। ईरान ने ये हमले तब किए, जब इस्राइल ने दक्षिण पार्स गैस क्षेत्र पर हमला किया था, जो दुनिया का सबसे बड़ा गैस क्षेत्र है और कतर के साथ साझा किया जाता है। यह हमला ईरान की बिजली आपूर्ति के लिए भी खतरा माना जा रहा है क्योंकि देश की ज्यादातर बिजली प्राकृतिक गैस से बनती है।

# जनवरी में हुए विरोध प्रदर्शन में शामिल तीन लोगों को दी गई फांसी

## पुलिस अधिकारियों की हत्या का था आरोप

**ईरान।** ईरान में जनवरी में विरोध प्रदर्शन हुआ था। अब इस में शामिल तीन लोगों को फांसी दी गई है। इन पर पुलिस अधिकारियों की हत्या का आरोप था।

ईरान की न्यायपालिका ने गुरुवार को जनवरी में हुए राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों में हिरासत में लिए गए तीन लोगों को फांसी दिए जाने की घोषणा की। ये इस प्रकार की पहली सजाएं हैं, जिनको अमल में लाने की जानकारी मिली है।



**पुलिस की हत्या का आरोप**

ईरान की मिजान समाचार एजेंसी ने इन फांसी की घटनाओं की सूचना दी। ईरान में आमतौर पर फांसी की सजा दी जाती है। मिजान ने मारे गए लोगों की पहचान मेहदी घासेमी, सालेह मोहम्मदी और सईद दावोदी के रूप में की। इसमें आरोप लगाया गया है कि तीनों व्यक्तियों ने विरोध प्रदर्शनों के दौरान राजधानी तेहरान से लगभग 130 किलोमीटर दक्षिण में स्थित कोम में दो पुलिस अधिकारियों की चाकू मारकर हत्या कर दी थी।

ईरान की न्यायपालिका विरोध प्रदर्शनों में गिरफ्तार किए गए लोगों को फांसी देने की धमकी दे रही है। ईरान ने प्रदर्शनों को भीषण हिंसा से कुचल दिया, जिसमें हजारों लोग मारे गए और दसियों हजार अन्य लोगों को हिरासत में लिया गया। कार्यकताओं ने चेतावनी दी है कि ईरान विरोध प्रदर्शनों में हिरासत में लिए गए लोगों की सामूहिक हत्याओं की लहर चला सकता है। मानवाधिकार कार्यकताओं की ने ईरान पर लंबे समय से बंदियों से जबरन कबूलनामे करवाने और उन्हें अदालत में अपना बचाव पूरी तरह से करने की अनुमति न देने का आरोप लगता रहता है।

# अनुतिन चर्नविराकुल बने रहेंगे थाईलैंड के प्रधानमंत्री, संसद में जीता विश्वास मत

**थाईलैंड।** थाईलैंड की संसद में हुए मतदान में प्रधानमंत्री अनुतिन चर्नविराकुल ने जीत हासिल की है। अब वह अपने पद पर बने रहेंगे। गुरुवार को हुए इस मतदान में उन्हें 498 में से 293 वोट मिले। जो कि बहुमत के लिए जरूरी आंकड़े से यह कहीं ज्यादा है। राजा महा वजिरालोंगकोर्न से औपचारिक नियुक्ति मिलने के कुछ दिनों बाद वह अपना कार्यभार संभालेंगे। अनुतिन की 'भूमजईथाई पार्टी' ने फरवरी के चुनावों में 191 सीटें जीती थीं। उन्होंने 'फेउ थाई पार्टी' (74 सीटें) और अन्य दलों के साथ मिलकर गठबंधन सरकार बनाई है। दूसरी ओर, 120 सीटें जीतने वाली 'पीपुल्स पार्टी' विपक्ष में रहेगी।। 59 वर्षीय अनुतिन पिछले साल सितंबर में प्रधानमंत्री बने थे। उनसे पहले पैतोंगतार्न शिनावात्रा इस पद पर थीं, जिन्हें नैतिकता के उल्लंघन के कारण हटना पड़ा था।

# व्हाइट हाउस में ट्रंप और ताकाइची की लंबी चर्चा, रद्द करना पड़ा वर्किंग लंच

**वाशिंगटन।** जापान कीसमाचार एजेंसी 'जीजी प्रेस' ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि लंच को केवल इसलिए रद्द किया गया ताकि दोनों नेता बिना किसी बाधा के अपनी चर्चा को और विस्तार दे सकें।

अमेरिका और जापान के रिश्तों में आज एक बेहद अहम और दिलचस्प मोड़ देखने को मिला है। दरअसल, व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और जापान की नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री साने ताकाइची के बीच चल रही शिखर वार्ता इतनी लंबी खिंच गई कि दोनों नेताओं के बीच पूर्व निर्धारित 'वर्किंग लंच' को आनन-फानन में रद्द करना पड़ा।




जापान कीसमाचार एजेंसी 'जीजी प्रेस' ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि लंच को केवल इसलिए रद्द किया गया ताकि दोनों नेता बिना किसी बाधा के अपनी चर्चा को और विस्तार दे सकें। आमतौर पर तयशुदा कार्यक्रमों में बदलाव तभी होता है जब बातचीत किसी बेहद गंभीर मुद्दे पर अटकी हो या फिर दोनों नेता किसी बड़े समझौते की अंतिम रूपरेखा तैयार कर रहे हों।

# इस्राइल का दावा- ईरान का एयर डिफेंस तबाह

## एयरपोर्ट पर खड़े एमआई-17 हेलीकॉप्टर को बनाया निशाना

**तेल अवीव।** इस्राइली वायु सेना ने ईरान की सीमा में एयरपोर्ट पर खड़े एक लड़ाकू हेलीकॉप्टर को निशाना बनाकर तबाह कर दिया। इसके साथ ही इस्राइली सेना ने ईरान पर अपनी वायु श्रेष्ठता साबित की है क्योंकि इस्राइली जहाज बिना किसी परेशानी के ईरान के वायु क्षेत्र में ऑपरेट कर रहे हैं।

इस्राइली सेना ने कहा है कि उनकी वायुसेना ने बुधवार को सन्नाज एयरपोर्ट पर ईरान के एक लड़ाकू हेलीकॉप्टर को निशाना बनाकर तबाह कर दिया। इस्राइली सेना ने कहा कि इससे पता चलता है कि ईरान का एयर डिफेंस और वायु सेना की क्षमताएं तबाह हो चुकी हैं। इस्राइली सेना ने ये भी कहा कि पश्चिमी ईरान में हवाई श्रेष्ठता का और विस्तार किया जाएगा।



**पश्चिम एशिया की लड़ाई में अब ऊर्जा ठिकानों को बनाया जा रहा निशाना**

इससे पहले बुधवार रात को इस्राइल ने ईरान के दक्षिण पार्स गैस क्षेत्र पर हमला किया। जिसके बाद ईरान द्वारा कतर के दक्षिण पार्स गैस क्षेत्र को निशाना बनाया गया। इन हमलों के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति को भी ऊर्जा ठिकानों को निशाना न बनाने की अपील करनी पड़ गई और उन्होंने कहा कि उन्हें इस्राइल के हमले की जानकारी नहीं थी।

कतर, अजरबैजान, बहरीन, मिस्त्र, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, पाकिस्तान, सऊदी अरब, सीरिया, तुर्किये और संयुक्त अरब अमीरात ने बुधवार को रियाद में बैठक के बाद एक संयुक्त बयान जारी किया। इस बयान में ईरान को तुरंत हमले रोकने के लिए कहा गया है।

इस्राइल के एक ड्रोन अटैक में ईरान में दो लोगों की मौत हुई है। ईरान की तस्नीम न्यूज एजेंसी ने रिपोर्ट में बताया कि अमेरिका-इस्राइल ड्रोन ने ईरान के उत्तर पश्चिमी शहर मालेकान में एक ठिकाने को निशाना बनाया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हुए हैं।

### इस्राइली सेना ने साझा किया वीडियो



इस्राइली सेना ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में बताया कि पूरी सटीकता से रियल टाइम खुफिया जानकारी के आधार पर हमला किया गया। आईडीएफ ने बताया कि वायु सेना ने हमदान प्रांत के सन्नाज एयरपोर्ट पर एमआई-17 हेलीकॉप्टर को निशाना बनाया। आईडीएफ लगातार इस्लामिक गार्ड कॉर्प्स की वायु सेना की क्षमताओं पर हमले कर रही है और पश्चिमी ईरान में अपनी हवाई श्रेष्ठता का लगातार विस्तार कर रही है।

# ईरान की धमकी : गैस फील्ड पर हमला हुआ तो देंगे करारा जवाब

**तेहरान।** ईरान की सेना ने अमेरिका और इजरायल के ठिकानों पर मिसाइल हमले किए हैं। ईरान ने इसे अपने खुफिया मंत्री की मौत का बदला बताया है। वहीं, डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर कतर के गैस ठिकानों को दोबारा निशाना बनाया गया, तो अमेरिका ईरान के ऊर्जा संसाधनों को पूरी तरह नष्ट कर देगा।

**आईआरजीसी का कहना है कि अब यह युद्ध एक नए और खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है**

ईरान की सेना 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) ने क्षेत्र में अमेरिका से जुड़े तेल ठिकानों पर हमलों की जिम्मेदारी ली है। आईआरजीसी ने बताया कि ये हमले 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4' के 63वें चरण का हिस्सा थे। ईरान ने यह कार्रवाई अमेरिका और इस्राइल के उन हमलों के जवाब में की है जो पिछले दिनों ईरान पर हुए थे।

ईरानी सेना के जनसंपर्क कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा कि यह हमला ईरान के खुफिया मंत्री इस्माइल खतीब और अन्य साथियों की शहादत का बदला लेने के लिए भी थी। आईआरजीसी का कहना है कि अब यह युद्ध एक नए और खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है।

**आईआरजीसी ने किया दावा**

ईरान की आईआरजीसी ने दावा किया है कि उसने इस्राइल के भीतर लगभग 80 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इनमें रिशोन लेजियन, रामला, लोद, ईलात और तेल अवीव के पास के कई महत्वपूर्ण इलाके शामिल हैं। इन हमलों में कई वारहेड वाली मिसाइलों और घातक ड्रोनों का इस्तेमाल किया गया।

# इस्राइल तब तक शांत, जब तक ईरान किसी बेकसूर देश पर हमला करने का फैसला नहीं करता : ट्रंप

वॉशिंगटन। ईरान और इस्राइल के बीच ऊर्जा ठिकानों पर हमलों से तनाव चरम पर है। ट्रंप ने चेतावनी दी है कि कतर पर दोबारा हमला होने पर अमेरिका ईरान के उर्जा ठिकानो को पूरी तरह नष्ट कर देगा। इस युद्ध के कारण तेल की कीमतें 108 डॉलर के पार पहुंच गई हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि इस्राइल अब ईरान के कीमती साउथ पार्स गैस फील्ड पर तब तक हमला नहीं करेगा, जब तक ईरान किसी बेकसूर देश पर हमला करने का फैसला नहीं करता। ट्रंप का यह बयान तब आया है जब ईरान ने कतर के ऊर्जा ठिकानों पर हमले कर भारी नुकसान पहुंचाया है। दरअसल, इस्राइल ने पहले ईरान के उस गैस फील्ड पर हमला किया था जिसे वह कतर के साथ साझा करता है। इसके जवाब में ईरान ने कतर के ठिकानों को निशाना बनाया।

## क्या कतर में एलएनजी संयंत्र पर हमले से बदला यूएस का रुख



अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि इस्राइल ने मध्य पूर्व के युद्ध के गुस्से में आकर ईरान के गैस फील्ड पर हमला किया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस हमले के बारे में अमेरिका को पहले से कोई जानकारी नहीं थी। ट्रंप के अनुसार, इस्राइल ने ईरान के एक बड़े गैस ठिकाने के केवल एक छोटे हिस्से को निशाना बनाया था। उन्होंने कहा कि कतर का इस हमले से कोई लेना-देना नहीं था, लेकिन ईरान ने बिना सोचे-समझे कतर के एलएनजी प्लांट पर हमला कर दिया, जो पूरी तरह गलत है।

ट्रंप ने कहा, अगर ईरान ने दोबारा कतर पर हमला है तो अमेरिका चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने धमकी दी कि ऐसी स्थिति में अमेरिका, इस्राइल की मदद या सहमति के बिना भी, ईरान के पूरे साउथ पार्स गैस फील्ड को पूरी तरह तबाह कर देगा। ट्रंप ने कहा कि वे इतनी बड़ी हिंसा और तबाही नहीं चाहते क्योंकि इसके परिणाम भविष्य में ईरान के लिए बहुत बुरे होंगे, लेकिन कतर की सुरक्षा के लिए वे कड़े कदम उठाने से पीछे नहीं हटेंगे।

**कतर और यूएई में भारी नुकसान**

कतर की सरकारी कंपनी कतर एनर्जी ने बताया कि ईरानी मिसाइल हमलों से उनके गैस ठिकानों को काफी नुकसान पहुंचा है। वहां कई जगहों पर भीषण आग लग गई है, जिसे बुझाने का काम जारी है। हालांकि, अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। कतर दुनिया के लिए प्राकृतिक गैस का एक बहुत बड़ा स्रोत है। इस हमले के विरोध में कतर ने कड़ा रुख अपनाते हुए ईरानी दूतावास के अधिकारियों को 24 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दे दिया है।

ईरान ने केवल कतर ही नहीं, बल्कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के हबशान और बाब गैस क्षेत्रों पर भी हमले किए हैं। यूएई सरकार ने इसे युद्ध को एक खतरनाक मोड़ पर ले जाने वाली हरकत बताया है। सुरक्षा कारणों से वहां गैस उत्पादन का काम फिलहाल रोक दिया गया है। बता दें कि खाड़ी देश युद्ध की शुरूआत से ही ईरानी हमलों का सामना कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने अब तक ईरान के खिलाफ कोई सीधी सैन्य कार्रवाई नहीं की है।

### दुनिया भर में बढ़ी तेल की कीमतें

इन हमलों का असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 5 प्रतिशत और बढ़ गई हैं। अब तेल की कीमत 108 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई है। 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से तेल की कीमतों में करीब 50 प्रतिशत का उछाल आ चुका है। इस युद्ध के चलते ईरान ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य के समुद्री रास्ते को भी प्रभावित किया है, जहां से दुनिया का 20 प्रतिशत तेल गुजरता है। तेल की कमी को पूरा करने और बाजार मे स्थिरता के लिए लिए ट्रंप प्रशासन ने एक बड़ा फैसला लिया है। अमेरिकी वित्त विभाग ने वेनेजुएला पर लगे प्रतिबंधों में ढील दी है। अब अमेरिकी कंपनियां वेनेजुएला की सरकारी तेल कंपनी के साथ व्यापार कर सकेंगी ताकि बाजार में तेल की सप्लाई बढ़ाई जा सके और कीमतों को काबू में किया जा सके।

# 'इस्राइल नहीं करेगा गैस फील्ड पर हमला' : क्यों बैकफुट पर ट्रंप

## कतर पर ईरान की कार्रवाई का दुनिया पर क्या असर

**ईरान।** इस्राइल ने बुधवार को ईरान के अहम 'दक्षिण पार्स गैस फील्ड' पर हमला किया। जवाब में ईरान ने दुनिया की 20% एलएनजी मांग पूरी करने वाले कतर के 'रास लफ्फान' प्लांट पर मिसाइलें दागीं। इससे वैश्विक ऊर्जा संकट गहरा गया है। ब्रेंट क्रूड 110 डॉलर के पार पहुंच गया और ऊर्जा से जुड़ी सप्लाई चेन खतरे में है। इस बीच ट्रंप पहली बार ईरान के किसी ठिकाने पर हमले को लेकर बचाव करते दिखे हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि इस्राइल अब ईरान के मुख्य गैस केंद्र पर हमला नहीं करेगा। ट्रंप के इस बयान को उनका एहतियाती कदम माना जा रहा है। विश्लेषक मान रहे हैं कि इस युद्ध के दौरान पहली बार ट्रंप बैकफुट पर नजर आ रहे हैं।

इस जंग के दौरान ईरान की वायुसेना, नौसेना, उसके अहम सैन्य ठिकानों और परमाणु केंद्रों को पूरी तरह तबाह करने की धमकी ट्रंप देते रहे हैं। हालांकि, इस्राइल की ओर से ईरान की गैस फील्ड पर एक वार और उसके बाद ईरान के कतर पर पलटवार ने ट्रंप को एहतियाती बयान जारी करने को मजबूर कर दिया।

ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर डोनाल्ड ट्रंप को यह क्यों कहना पड़ गया कि इस्राइल का हमला उनकी जानकारी के बिना हुआ? ईरान ने इस पलटवार में कतर पर कहां हमले किए, जिससे कतर को भी ट्रंप से संपर्क करने की जरूरत पड़ गई? जिन जगहों पर ईरान और कतर में हमले हुए वह किस तरह जुड़ी हैं? यह पूरी दुनिया के लिए क्यों डराने वाला घटनाक्रम रहा? भारत के हित इन हमलों में किस तरह प्रभावित हुए हैं?

ईरान ने कतर में कहां हमला किया, जिसके बाद दुनिया में मची हलचल?

ईरान ने कतर के रास लफ्फान इंडस्ट्रियल सिटी पर मिसाइल हमले किए, जो कतर का एक बेहद अहम तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) और ऊर्जा केंद्र है। कतर दुनिया की लगभग 20% एलएनजी मांग को अकेले पूरा करता है। इस हमले से



यूरोप और एशिया को होने वाले सालाना लगभग 7.7 करोड़ टन एलएनजी निर्यात पर गंभीर खतरा पैदा हो गया। कतर एनर्जी की ओर से जारी बयान के मुताबिक, ईरानी मिसाइल हमले के कारण रास लफ्फान कॉम्प्लेक्स में आग लग गई और प्लांट को व्यापक नुकसान पहुंचा है, जिसके कारण वहां उत्पादन रोकना पड़ा। यह कॉम्प्लेक्स करीब 295 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है और ये अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर का एक-तिहाई है।

अमेरिकी मीडिया समूह एक्सिओस की रिपोर्ट के मुताबिक, रास लफ्फान परिसर पर हुए हमले के बाद कतर के शीर्ष नेताओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात की। इस बातचीत के बाद ही ट्रंप ने कहा कि इस्राइल अब ईरान की दक्षिण पार्स गैस फील्ड पर हमले नहीं करेगा।

इस पूरे घटनाक्रम में ट्रंप की क्या भूमिका, क्या सच में नहीं थी इस्राइली हमलों की जानकारी?

इस पूरे घटनाक्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भूमिका काफी अहम रही है। एक्सिओस के मुताबिक, ट्रंप ने सार्वजनिक तौर पर जो दावे किए, अंदरखाने की सच्चाई उससे बिल्कुल अलग थी। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर दावा किया था कि अमेरिका को इस हमले के बारे में कोई जानकारी नहीं थी और इस्राइल ने पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर गुस्से में आकर यह हमला किया है।

लेकिन, अमेरिकी और इस्राइली अधिकारियों ने एक्सिओस से कहा कि साउथ पार्स गैस फील्ड पर किया गया हमला पूरी तरह से व्हाइट हाउस की सहमति और पूर्व-समन्वय के साथ किया गया था।

### इस्राइल ने ईरान पर कहां हमला किया, जिसे लेकर ट्रंप भी हड़बड़ाए

इस्राइल ने ईरान के दक्षिण पार्स गैस फील्ड पर हमला किया है, जिसे ईरान की अर्थव्यवस्था और ऊर्जा आपूर्ति की 'रीढ़' माना जाता है। यह ईरान और कतर के बीच साझा की जाने वाली दुनिया की सबसे बड़ा गैस फील्ड है, जो फारस की खाड़ी के नीचे लगभग 9,700 वर्ग किलोमीटर में फैली है। इसमें लगभग 1,800 ट्रिलियन क्यूबिक फीट गैस मौजूद है, जो दुनिया के कुल प्रमाणित गैस भंडार का करीब 8% है। यह मात्रा पूरी दुनिया की 13 से ज्यादा वर्षों की ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त मानी जाती है। ईरान का 70–75% गैस का उत्पादन यहीं से होता है और देश की करीब 80% बिजली भी इसी प्राकृतिक गैस का उपयोग करके पैदा की जाती है। इस्राइल के हमले के जवाब में ईरान ने पश्चिम एशिया में एक अहम ऊर्जा केंद्र के तौर पर पहचाने जाने वाले कतर के कुछ ऐसे ठिकानों पर हमला किया, जिनसे दुनिया की गैस आपूर्ति ठप पड़ जाने का खतरा पैदा हो गया। इसी के बाद ट्रंप ने कहा कि उन्हें इस्राइली हमले की जानकारी नहीं थी और आगे इस्राइल दक्षिण पार्स गैस फील्ड को निशाना नहीं बनाएगा।

# एचडीएफसी बैंक के अध्यक्ष के इस्तीफे से शेयर नौ फीसदी लुढ़के

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के 'नैतिक चिंताओं' पर इस्तीफे के बाद शेयरों में करीब 9 प्रतिशत की गिरावट आई है, जिससे बाजार मूल्यांकन में 65,176 करोड़ रुपये का भारी नुकसान हुआ है। इस बड़े नेतृत्व संकट और केकी मिस्त्री की अंतरिम चेयरमैन के रूप में नियुक्ति से जुड़ी विस्तृत जानकारी के लिए हमारी पूरी रिपोर्ट अभी पढ़ें!




एचडीएफसी बैंक के अध्यक्ष अतनु चक्रवर्ती के नैतिक चिंताओं का हवाला देते हुए पद छोड़ने के बाद गुरुवार सुबह बैंक के शेयर करीब नौ फीसदी गिर गए। इस इस्तीफे के कारण देश के दूसरे सबसे बड़े ऋणदाता बैंक के बाजार पूंजीकरण में 65,176.48 करोड़ रुपये की भारी कमी आई। बैंक के शेयर अपने 52-सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गए, जिससे निवेशकों में चिंता बढ़ गई।

मुंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर ब्लू-चिप स्टॉक 8.41 फीसदी गिरकर 772 रुपये पर आ गया, जो इसका 52-सप्ताह का निचला स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर भी शेयर 8.66 फीसदी लुढ़ककर 770 रुपये के 52-सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गया। इस गिरावट के साथ कंपनी का बाजार पूंजीकरण 12,31,666.45 करोड़ रुपये रह गया। यह शेयर बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला रहा।

सुबह के कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1740.34 अंक गिरकर 74,949.92 पर कारोबार कर रहा था, जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 514.85 अंक गिरकर 23,262.95 पर आ गया।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
08 | शुक्रवार • 20 मार्च -2026

# गाजियाबाद




# जल्द मिलेगा गंगा जल गौर सिद्धार्थम को विधायक ने डीएम से की मुलाकात



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सिद्धार्थ विहार स्थित गौर सिद्धार्थम सोसाइटी की पेयजल समस्या को लेकर शहर विधायक संजीव शर्मा ने जिलाधिकारी गाजियाबाद से मुलाकात कर शीघ्र गंगाजल आपूर्ति शुरू कराने को कहा। सोसाइटी में करीब 2400 परिवार और 10 हजार से अधिक लोग लंबे समय से खराब पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। पानी का टीडीएस स्तर लगभग 2500 होने के कारण यह स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है।

विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि सिद्धार्थ विहार गंगनहर के पास स्थित होने के बावजूद अब तक सोसाइटी को गंगा जल सप्लाई से नहीं जोड़ा गया है। उन्होंने जिलाधिकारी से सोसाइटी को गंगा जल लाइन से जोड़ने की बात कही, ताकि क्षेत्रवासियों को स्वच्छ पेयजल मिल सके। उन्होंने भरोसा जताया कि प्रशासन के सहयोग से जल्द ही यह समस्या दूर होगी और हजारों लोगों को राहत मिलेगी। इस दौरान सोसाइटी के राम बाबू शर्मा, पार्षद संतोष राणा, प्रमोद गर्ग, अमित सिंह, रवि गुप्ता, रविकांत, मोहर सिंह और शिवकुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# भाजपा महानगर कार्यालय में कार्यकर्ता परिचय बैठक आयोजित, संगठन मजबूती पर जोर






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के महानगर कार्यालय में महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में कार्यकर्ता परिचय बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, सदर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी तथा पूर्व मेयर आशु वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में संगठन को मजबूत करने और विस्तार पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित है और नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

इस दौरान प्रमुख पदाधिकारियों में महानगर महामंत्री पंकज भारद्वाज, गौरव चोपड़ा, पंकज वाल्मीकि, उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी, रनिता सिंह, भानु सिसोदिया, अमित रंजन, विनोद कसाना, सचिन डेढा, राजन आर्य, महानगर मंत्री प्रमिला रावत, ललित कश्यप, अनीता शर्मा, आशीष चौधरी तथा उषा चौधरी प्रमुख रूप से शामिल रहे। नवनियुक्त पदाधिकारियों का परिचय कराया गया और उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। साथ ही संगठनात्मक समन्वय, सक्रियता और जनसेवा को और प्रभावी बनाने का आह्वान किया गया।

# नवरात्र-ईद को लेकर धार्मिक स्थलों के बाहर नगर निगम ने शुरू किया स्वच्छता अभियान




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नवरात्रि और ईद-उल-फितर को लेकर नगर निगम ने शहरभर में धार्मिक स्थलों के बाहर विशेष स्वच्छता अभियान शुरू कर दिया है। नगर निगम की टीमों द्वारा मंदिरों, मस्जिदों और ईदगाहों के आसपास साफ-सफाई कराई जा रही है। सफाई मित्रों को तैनात कर कूड़ा उठान के साथ-साथ चूना और पानी का छिड़काव भी कराया जा रहा है, जिससे स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण दोनों सुनिश्चित किए जा सकें। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, त्योहारों के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पांचों जोन में विशेष टीमें लगाई गई हैं। पेयजल और प्रकाश व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जा रहा है, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगर आयुक्त के निर्देश पर यह अभियान लगातार जारी रहेगा। साथ ही शहरवासियों से अपील की गई है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और प्लास्टिक व डिस्पोजेबल का उपयोग कम करें।



# हाईटेक मशीनों से बदलेगी हिंडन नदी की तस्वीर
## नौ किमी में जलकुंभी हटाने का बड़ा अभियान शुरू



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वर्षों से जलकुंभी और गंदगी की मार झेल रही हिंडन नदी को अब नई जिंदगी देने की शुरूआत हो चुकी है। गाजियाबाद नगर निगम ने पहली बार इतने बड़े पैमाने पर हाईटेक मशीनों के जरिए नदी की सफाई का व्यापक अभियान शुरू किया है, जिसे शहर के पर्यावरण सुधार की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर जलकल विभाग ने इस महत्वाकांक्षी अभियान को जमीन पर उतार दिया है।

अभियान के तहत नदी में जमी मोटी जलकुंभी की परत को तेजी से हटाया जा रहा है, जिससे नदी की प्राकृतिक धारा और जल गुणवत्ता दोनों में सुधार की उम्मीद है। यह सफाई अभियान सिटी फॉरेस्ट से लेकर इंदिरापुरम तक करीब 9 किलोमीटर के क्षेत्र में चलाया जा रहा है। इस पूरे हिस्से को जलकुंभी मुक्त बनाने का लक्ष्य तय किया गया है।

## तीन महीने में बदलेगी हिंडन की तस्वीर
### पहली बार हाईटेक मशीनों का इस्तेमाल



**करंट क्राइम :** नगर निगम द्वारा पहली बार डिवाइडर/विशेष मशीनों की मदद से नदी की सफाई की जा रही है। ये मशीनें तेजी से जलकुंभी हटाकर अभियान को प्रभावी बना रही हैं, जिससे कम समय में बड़े क्षेत्र को कवर किया जा रहा है। नगर आयुक्त के अनुसार, जलकुंभी हटाने से नदी के जल में ऑक्सीजन स्तर बढ़ेगा, जिससे जलीय जीवों को नया जीवन मिलेगा। साथ ही नदी में पूजा सामग्री और कचरा डालने पर पूरी तरह रोक लगाई गई है, ताकि भविष्य में प्रदूषण दोबारा न बढ़े। महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद के नेतृत्व में जलकल और स्वास्थ्य विभाग संयुक्त रूप से इस अभियान को अंजाम दे रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों की लगातार मॉनिटरिंग से अभियान की गति और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित की जा रही है।

### तीन महीने में दिखेगा बड़ा बदलाव



**करंट क्राइम :** अभियान का पहला चरण लगातार तीन महीनों तक चलेगा। नगर निगम का लक्ष्य है कि इस अवधि में पूरी नदी को जलकुंभी मुक्त कर दिया जाए और उसकी स्वच्छता को स्थायी रूप से बनाए रखने की व्यवस्था की जाए। नगर निगम ने साफ किया है कि नदी को स्वच्छ बनाए रखने के लिए आम जनता की भागीदारी बेहद जरूरी है। इसी के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जबकि कई सामाजिक संस्थाएं भी इसमें सहयोग कर रही हैं। हिंडन नदी की सफाई का यह हाईटेक अभियान सिर्फ एक सफाई अभियान नहीं, बल्कि गाजियाबाद के पर्यावरण और भविष्य को संवारने की दिशा में एक निर्णायक पहल है। यदि यह अभियान सफल रहता है, तो आने वाले समय में हिंडन नदी एक बार फिर स्वच्छ और जीवंत रूप में नजर आ सकती है।

# लापरवाही पर सख्ती: लव जिहाद मामले में दो पुलिसकर्मी निलंबित




**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा में कथित लव जिहाद से जुड़े एक मामले में पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आने के बाद कमिश्नरेट स्तर पर सख्त कार्रवाई की गई है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है।

इस कार्रवाई के तहत जहां एक ओर जांच के आदेश दिए गए हैं, वहीं दूसरी ओर लापरवाही बरतने वाले दो पुलिसकर्मियों को निलंबित भी किया गया है। जानकारी के अनुसार दिनांक 17 मार्च 2026 को थाना फेस-3 में एक महिला द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई थी।

हालांकि, मामले की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि इसमें कई महत्वपूर्ण धाराओं को शामिल नहीं किया गया था, जो इस प्रकरण की प्रकृति के अनुसार जरूरी थीं। विशेष रूप से, उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की धारा 5(3) और एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2)(5) को एफआईआर में शामिल नहीं किया गया था। इन धाराओं का समावेश न किए जाने को पुलिस प्रशासन ने गंभीर लापरवाही माना है। इसके चलते डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी से स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं, एसीपी-1 सेंट्रल नोएडा उमेश यादव को इस पूरे मामले की प्रारंभिक जांच के आदेश दिए गए हैं। इसके अलावा, थाना फेस-3 के प्रभारी पुनीत कुमार और मामले की विवेचक उपनिरीक्षक प्रीति गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

निलंबित अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने मामले की गंभीरता को नजरअंदाज करते हुए उचित धाराओं को शामिल नहीं किया। पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच अब एडीसीपी नोएडा को सौंप दी गई है, जो यह सुनिश्चित करेंगे कि मामले में किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता की पूरी तरह से जांच हो सके और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए।

# हथियार के बल पर मर्सिडीज लूट के मामले में कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज



**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार को कोर्ट के आदेश पर क्षेत्र में हथियार के बल पर मर्सिडीज कार लूट के मामले में केस दर्ज किया है। बरेली निवासी महेंद्र कुमार ने दी गई शिकायत में बताया कि वह 25 नवंबर 2025 को किसी काम से जिला न्यायालय गौतमबुद्ध नगर सूरजपुर आया था।

वह अपनी बहन मिथलेश कुमारी की मर्सिडीज-बेंज कार लेकर आया था। जब वह कलेक्ट्रेट के पीछे खाली जगह में गाड़ी खड़ी कर रहा था। तभी दो अज्ञात युवक उसके पास पहुंचे। दोनों ने मास्क और हुडी पहन रखी थी। दोनों युवकों ने पहले उससे कन्हैया कुमार नाम के व्यक्ति के बारे में पूछताछ की।

महेंद्र के मना करने पर उन्होंने उस पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। इसके बाद एक युवक ने तमंचा निकालकर उसे धमकाया और जबरन गाड़ी में बैठा लिया। एक आरोपी आगे की सीट पर और दूसरा पीछे बैठ गया। आरोपियों ने उसे गाड़ी चलाने के लिए मजबूर किया।




- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा पहलवान ने सावन से पहले ही आग कुछ ऐसी लगाई? हमने देखी उनकी फेसबुक की पोस्ट? बिरादरी वाले मैटर में सिर्फ उन्होंने अपने प्रिय डेढ़ा को दी बधाई? आशीष और कसाना को उन्होंने कर दिया इग्नोर? करा दिया एहसास, अब तुमसे नहीं है हमारा कोई विशेष लगाव?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि महामंत्री बनने के फेर में भले ही भगवा भारद्वाज ने भगवा कमांडर से लगभग एक वर्षो से ना रखी हो दूरी? अब इस बात को सोचकर कमांडर नाराज हो जायें, ये तो नहीं है जरूरी? भारद्वाज जी की ताजपोशी के बाद कमांडर ने तारीफ में ही निकाले अपने अल्फाज? कहा ये बहुत मेहनती हैं, अरष्टी तक नहीं छोड़ते? इन शब्दों से दे दिया कमांडर ने बड़े दिल का संदेश? करा दिया एहसास, तुम भले ही हमसे दूर रहे? मगर हमारा आज भी है तुम्हारे लिए दिल में वैसा ही बेस?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि ना जाने संगठन में आने का दर्द कैसे कैस सह रहे हैं? सौंफ वाले शर्मा कुछ इस तरह अपने दिल की बात कह रहे हैं? करा रहे हैं सामने वालों को बार-बार एहसास? कह रहे हैं किसी ने हैवीवेट लगाकर कर दिया मेरा पत्ता साफ? उन्होंने मेरे खिलाफ गाड़ा हुआ था खूंटा? आप जानते ही हो मेरी सजा साफ कहने की ही है, बंदा नहीं हूं मैं झूठा?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जब होती है सौंफ वाले शर्मा की बात? तब पहलवान के प्रिय बख्शी जी को कैसे भूल सकते हैं साहब? पता चला है उनका सेमी फाईनल तक पहुंच गया था नाम? फिर ना जाने कैसे हो गया काम तमाम? सुना है उनके फोन पर आया था ताजपोशी का ही संदेश? फिर ना जाने कहां मामला खो गया? कौन था वो जिसने बिगाड़ दिया पूरा केस?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि ना जाने क्यों लगाने वाले रंजन भैया को लगा रहे हैं नजर? कह रहे हैं कि जब वो मंडल के बादशाह थे? तब भी था उनके पास सहकारी वाला सरकारी पद पास? अब वो महानगर उपाध्यक्ष हो गये हैं? साथ ही वो ले रहे हैं सहकारी बैंक में डायरेक्टर वाला भी स्वाद? कहने वाले ने कहा मैं बात कहना चाहता हूं सीधी? वैसा ही होना चाहिए इनके साथ जैसे अचानक दो पद लेकर आईं थी ज्योति दीदी? उनसे भी एक व्यवस्था कर ली गई रिटर्न? अब हैं रंजन भैया का भी टर्न? कहने वाले ने कहा जब तक नहीं होता इस पर फैसला? तब तक कई दिलजलों का दिल रहेगा बर्न?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ की राजनीति में राजू भैया का है जेंटलमैन वाला अंदाज? मगर ना जाने ऐसा क्या हुआ टीम बनाने वाले ने उनको नहीं रखा याद? वो तो सबसे अच्छा करके चल रहे थे व्यवहार? पार्टी के हर कार्यक्रम में मजबूती से निभा रहे थे अपना किरदार? ना जाने किसने चल दी उनके साथ चाल? अब वो तो जेंटलमैन ही बतायेंगे? बस दर्द कितना ही हो मुस्कुराते ही दिखेंगे आपको मिस्टर पांचाल?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के एक नेता ने मजबूत कर ली है अपने प्रिय रवि को लेकर सिफारिश की लाठी? कह रहे हैं भविष्य की संभावनाओं को मजबूत करने के लिए देखना प्रदेश की युवा वाली टीम में आयेंगे मिस्टर भाटी? कहने वाले ने कहा हम वहां तक देंगे उनका साथ? जहां तक बना सकते हैं हम उनकी बात? हमें पता है उन्होंने भी इस मुहिम पर शुरू कर दिया है काम? करो थोड़ा सा इंतजार, देखना जरूर आयेगा उनका नाम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार का युवा गुर्जर चेहरा नदिया पार के दूसरे गुर्जर चेहरे का काम निपटाने के लिए देकर आया था ऊपर एक फाईल? उस फाईल में कराया गया था पहले ही मिल चुकी किसी जिम्मेदारी का एहसास? कहने वाले ने कहा ये वो चेहरे हैं जो कभी चलते थे साथ-साथ? जिसकी फाईल दी थी उसको लग गई है इस बारे में जानकारी? वो कह रहे हैं हमें क्या खबर थी कि भविष्य में ऐसा रंग दिखायेगी हमको उनकी ये यारी?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि अगर आप निकालोगे घोषित हुई टीम की जानकारी? तो आपको दिखाई देगा इसमें कि भगवा योद्धा की पसंद के ही बने हैं पदाधिकारी? उन्होंने जिनको भी दिया था आयाम? उन्हीं को दिया है टीम में स्थान? दे दिया उन्होंने ये स्पष्ट संदेश? जो कार्य करेगा वो रहेगा हमारे साथ में फेस? फिर कहने वाले ने कहा देखना अब ये है कि जब कोई बड़ा कार्यक्रम आयेगा? उसमें से इनकी टीम का कौन सा चेहरा कितना दम दिखायेगा?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हम तो सोचे बैठे थे कि मंडल वाली टीम की तरह हैवीवेट वालों का संगठन वाली टीम में भी दिखाई देगा जलवा? मगर जब हमने उठाकर संगठन और नामित वाली सूची देखी? तब हमारी अरमान हो गये हलवा? लिस्ट को देखकर हमें लगा कि हैवीवेट वालों ने ज्यादा नहीं लिया है इस मैटर में पेन? गर्ग साहब के नाम भले ही इग्नोर हुए हों? मगर हैवीवेट सिफारिश करने वालों का भी नहीं उड़ा है प्लेन?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# चार हजार पुलिस कर्मी संभालेंगे प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था

- एयरपोर्ट के उद्घाटन तिथि की घोषणा के बाद पुलिस ने शुरू की तैयारियां, छावनी में बदल जाएगा पूरा जिला
- एयरपोर्ट के आसपास सुरक्षा सख्त, ड्रोन से की जा रही निगरानी



**नोएडा।** नोएडा एयरपोर्ट के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री की जनसभा भी होगी। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तिथि निर्धारित होने के बाद पुलिस ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रधानमंत्री की सुरक्षा में तीन से चार हजार पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। वहीं कार्यक्रम की घोषणा के बाद एयरपोर्ट के आसपास सुरक्षा सख्त कर दी गई है। पुलिसकर्मी ड्रोन उड़ाकर पूरे क्षेत्र पर नजर रख रहे हैं।

पुलिस अधिकारी जेवर में होने वाले कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था का मास्टर प्लान तैयार करन में जुटे हैं। अधिकारियो के मुताबिक प्रधानमंत्री के हैलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल और एयरपोर्ट के उद्घाटन स्थल तक अलग-अलग चरणों में फोर्स को तैनात किया जाएगा। प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था के तीन लेयर होंगे। जिसमें पहली लेयर में एसपीजी कमांडो होंगे। दूसरी लेयर में पुलिस अधिकारी और अर्धसैनिक बल शामिल होंगे। तीसरी लेयर पुलिस की होगी जिसमें तीन हजार से ज्यादा पुलिस कर्मी शामिल होंगे। सुरक्षा का मास्टर प्लान तैयार होने के बाद सभी को उनकी जिम्मेदारी सौंप दी जाएगी।

**कार्यक्रम से पहले आ जाएगी एसपीजी**

प्रधानमंत्री की सुरक्षा का जिम्मा मुख्य रूप से एसपीजी का होता है। उद्घाटन कार्यक्रम 28 मार्च को है। एसपीजी और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां कार्यक्रम से दो दिन पहले ही जेवर पहुंचकर एयरपोर्ट के आसपास के पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था जांचेगी। एयरपोर्ट के आसपास के गांव और बिल्डिंगों पर भी हथियारबंद सुरक्षा कर्मी तैनात किए जाएंगे।

**दो दिन में तय हो जाएगा हैलीपैड का स्थान**

समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नागरिक उड्डयन मंत्री, प्रदेश के राज्यपाल समेत अन्य कई केंद्र और प्रदेश के मंत्री शामिल होंगे। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यपाल के लिए अलग-अलग हैलीपैड तैयार किए जाएंगे। नागरिक उड्डयन मंत्री के लिए भी हैलीपैड तैयार किया जाएगा।

# चोरी का तांडव: घर और कार से लाखों का सामान पार



**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में थाना बीटा-टू क्षेत्र में बदमाशों ने दो घर का ताला तोड़कर घर में रखे हुए लाखों रुपए की नकदी रुपए कीमत जेवरात सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। इसके अलावा इसी थाना क्षेत्र में एक कार का शीशा तोड़कर लैपटॉप और कीमती सामान बदमाशों ने चुरा लिया है। पुलिस पीड़ितों की शिकायत पर मामले की जांच कर रही है। थाना बीटा-टू के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि राजेश कुमार पुत्र कल्याण सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह बीटा-दो सेक्टर में रहते हैं। पीड़ित के अनुसार वह किसी काम से घर से बाहर गए थे। जब वापस आए तो उन्होंने देखा कि बदमाशों ने उनके घर का ताला तोड़कर घर में रखी हुई सवा लाख रुपए की नकदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिया है। उन्होंने बताया कि एक अन्य मामले में अविनाश कुमार सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह बीटा-दो सेक्टर में रहते हैं। पीड़ित के अनुसार अज्ञात बदमाशों ने उनके घर का ताला तोड़कर घर में रखे हुए लाखों रुपए कीमत के जेवरात और नकदी आदि चोरी कर लिया।

# मोदीनगर में फर्जी लूट का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

## 112 पर झूठी सूचना देकर 20 लाख हड़पने की साजिश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** थाना मोदीनगर पुलिस ने डायल-112 पर लूट की झूठी सूचना देकर पुलिस को गुमराह करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर सनसनीखेज खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 19 लाख रुपये बरामद किए हैं।

17 मार्च की रात करीब 9:15 बजे डायल-112 पर सूचना दी गई कि हापुड़ रोड स्थित बखरवा गेट के पास कार सवार तीन लोगों से बाइक सवार बदमाशों ने पिस्टल के बल पर 30 लाख रुपये लूट लिए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को मामला संदिग्ध लगा। पूछताछ में सामने आया कि लूट की पूरी घटना फर्जी थी और इसे पहले से प्लान किया गया था। डीसीपी ग्रामीण के अनुसार, मुख्य आरोपी प्रवीन कुमार गुप्ता, जो प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता है, ने एक प्रॉपर्टी डील के तहत मिले करीब 20 लाख रुपये हड़पने के लिए यह साजिश रची। उसने अपने साथियों आयुष और मोहम्मद जैहब को शामिल कर फर्जी लूट का प्लान बनाया तीनों ने पहले मेरठ में झूठी सूचना देने की कोशिश की, लेकिन भीड़भाड़ के कारण सफल नहीं हो सके। इसके बाद मोदीनगर के सुनसान इलाके को चुना गया। वहां कार पर पत्थर मारकर नकली हमले के निशान बनाए गए और फिर डायल-112 पर लूट की झूठी सूचना दे दी गई। पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपी ने रकम का बंटवारा कर लिया था। कुछ पैसे घर पर रखे, कुछ उधारी चुकाने में लगाए और बाकी साथियों को दे दिए। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब 19 लाख रुपये बरामद कर लिए हैं। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। मोदीनगर पुलिस की सतर्कता और सटीक जांच से एक बड़ा फर्जी लूट कांड सामने आया है। पुलिस ने साफ किया है कि झूठी सूचना देकर गुमराह करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी।

# मैट्रिमोनियल साइट पर शादी का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने वाला नाइजीरियाई गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा के थाना साइबर क्राइम पुलिस ने एक ऐसे अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पदार्फाश किया है, जो फर्जी प्रोफाइल बनाकर महिलाओं को अपने प्रेमजाल में फंसाता था और फिर कस्टम क्लीयरेंस व पार्सल के नाम पर जीवन साथी कर तलाश कर रही महिलाओं से करोड़ों रुपयों की ठगी करता था।

डीसीपी साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि नोएडा के थाना साइबर क्राइम पुलिस ने हरियाणा के फरीदाबाद से अंतरराष्ट्रीय ठग गिरोह के सरगना सैमुअल ओगुन उर्फ स्टेपनी डेरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी मूल रूप से नाइजीरिया का रहने वाला है और भारत में पहचान बदलकर रह रहा था। आरोपी के पास से पुलिस ने 5 मोबाइल फोन और 1 लैपटॉप 1 टैबलेट और वाई-फाई राउटर, दो अलग-अलग देशों के पासपोर्ट और कई फर्जी दस्तावेज बरामद किया है। डीसीपी साइबर ने बताया कि सैमुअल ओगुन से पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। यह आरोपी मैट्रिमोनियल साइट्स से महिलाओं का डेटा चोरी करता था।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।